RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 147 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, रविवार 02 अप्रैल 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर कलेक्टर सिन्हा ने जिला कार्यालय के दो कर्मचारियों ...



कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने जिला अस्पताल सारंगढ़ में ओपीडी ... पेज -8 पर

प्रदेश में एक अप्रैल से 30 अप्रैल 2023 तक चलेगा यह अभियान

# नई योजनाओं को बनाने में महत्वपूर्ण होगा छत्तीसगढ़ - मुख्यमंत्री

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर के निवास कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण अभियान 'छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण-2023' कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने इस दौरान सर्वेक्षण दल को हरी झण्डी दिखाकर प्रदेश के जिलों के लिए रवाना किया और अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। सर्वेक्षण का कार्य पूरे प्रदेश में एक अप्रैल से 30 अप्रैल 2023 तक चलेगा। इसके तहत सर्वेक्षण दल राज्य के



ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से सर्वे का कार्य करेंगे।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर कहा कि आज एक अप्रैल को वित्तीय वर्ष प्रारंभ होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ में जनहित में राज्य सरकार द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण अभियान 'छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण-2023' के कार्य की शुरूआत हो गई है। यह नई-नई योजनाओं को बनाने और उनका बेहतर क्रियान्वयन कर लोगों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण साबित होगा। सर्वेक्षण का उद्देश्य विगत वर्षों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का जन सामान्य के जीवन स्तर पर पड़े प्रभाव का आकलन कर प्राप्त डाटा का भविष्य में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन तथा नई योजनाओं के निर्माण के लिए उपयोग किया जाना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सर्वेक्षण से विभिन्न योजनाओं से वंचित हितग्राही भी अब नवीन सूची में शामिल हो पाएंगे और उन्हें पात्रता के अनुसार सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का भरपूर लाभ मिलेगा।

## एक नजर

### दो जवानों के साथ चार लोग मिले कोरोना पाजेटिव, मचा हड़कंप

चेतावनी जारी



**कोंडागांव।** जिले में एक बार फिर कोरोना पांव पसार रहा है. आईटीबीपी के 2 जवान सहित 4 लोग कोरोना पॉजिटिव मरीजों की पहचान हुई है. जिसके बाद लोगों की चिंता बढ़ गई है. सभी मरीजों को कोरोना की तीनों डोज लगी चुकी है. स्वास्थ्य विभाग ने सभी मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा है. सभी पॉजिटिव मरीजों की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। कोंडागांव जिले में अब तक कोरोना से 102 मरीजों की जान जा चुकी है।

# देर रात ईडी ने शराब कारोबारियों की लगाई क्लास : मचा हड़कंप

### अचानक पहुंचा फोन और ईडी के दफ्तर के बाहर लग गई लग्जरी गाड़ियों की लाइन

**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय ने कोयले के मामले के साथ ही अब शराब के कारोबार में अवैध लेन-देन पर भी अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को ईडी की टीम ने छत्तीसगढ़ के आबकारी विभाग के दफ्तर में भी छापेमारी की है। वहीं 7 से 8 ऐसे कारोबारी जिनका कनेक्शन शराब को लेकर अवैध लेन-देन में सामने आया है, उन्हें कार्यालय बुलाकर पूछताछ की गई है। बताया जाता है कि ईडी ने शराब से जुड़े अवैध लेन-देन के कनेक्शन को लेकर सीधे तौर पर सवाल न करते हुए कारोबारियों से उनकी प्रापर्टी व बैंक एकाउन्ट के संबंध में



जानकारी मांगी। कुछ बड़े लेन-देन की जानकारी को लेकर भी कई तरह के सवाल-जवाब किए गए। यह पूछताछ घंटों तक चलती रही। पूछताछ के बीच में खाने-पीने का समय भी निकाला गया। इसके बाद फिर से पूछताछ का सिलसिला शुरू हुआ। सूत्रों की मानें तो ईडी ने कुछ बयान दस्तावेजों के रूप में तैयार कर रखे थे जिस पर वे कारोबारियों के दस्तखत चाहते थे। इसको लेकर दोनों पक्षों के बीच तकरार जैसी स्थितियां बनीं। माना जा रहा है कि इस पूरे मामले में ईडी कुछ पुख्ता दस्तावेजों के साथ कई कारोबारियों को रिमांड में लेने की तैयारी कर रही है। इनमें कुछ बड़े अधिकारियों की मिली भगत के एंगल को भी काफी अहम माना जा रहा है। विगत तीन दिन से चली रही आ रही ईडी की कार्रवाई में बड़े-बड़े नाम सामने आने के बाद इनसे जुड़े कई दिग्गजों को ईडी के रायपुर स्थित दफ्तर के बाहर देखा गया। माना जा रहा है कि ईडी से फोन आते ही ED के दफ्तर के बाहर लग्जरी गाड़ियों की लाइन लग गई। पचपेढ़ी नाका के पास ईडी कार्यालय के बाहर देर रात तक जबरदस्त गहमागहमी देखी गई। ईडी की टीम ने कारोबारियों से घंटों तक पूछताछ की है।

# बीएसपी के कर्मचारियों ने मंदिर के बाहर भक्तों को पीटा

*डोम शेड निर्माण रोकने पहुंची टीम ने महिलाओं से की मारपीट; थाने में की शिकायत*

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के भिलाई में सेक्टर 9 स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में शनिवार सुबह बीएसपी के कर्मचारियों और भक्तों के बीच जमकर मारपीट हुई। बीएसपी की टीम वहां बन रहे डोम शेड निर्माण को रोकने पहुंची थी। निर्माण रोकने पर वहां मौजूद पुजारी और भक्तों ने विरोध किया। विरोध इतना बढ़ गया कि बीएसपी की टीम ने भक्तों और पुजारी को पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान महिलाओं तक को बुरी तरह पीटा गया। दरअसल बिना बीएसपी की अनुमति के डोम शेड का निर्माण किया जा रहा है। नगर सेवा विभाग के अधिकारी अपनी पूरी टीम के साथ डोम शेड निर्माण को रोकने पहुंचे थे।



जैसे ही वो लोग निर्माण को रोकने लगे, वहां मौजूद पुजारी और भक्तों ने बीएसपी की कार्रवाई का विरोध किया। इस पर दोनों पक्षों झूमा झटकी हो गई। झगड़ा इतना बढ़ गया कि, बीएसपी की टीम ने वहां मौजूद महिलाओं और पुरुषों को बुरी तरह पीटा। इस झगड़े को दौरान बीएसपी के अधिकारी केके यादव भी वहां मौजदू थे। जब उनसे इस संबंध में बात करने के लिए कॉल किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। इसके बाद बीएसपी के पीआरओ प्रशांत तिवारी को भी फोन किया गया तो उनके द्वारा भी कोई जवाब नहीं दिया गया।

एन एच पर दोस्तों ने लगाई मौत की रेस,

# ट्रकों की भिड़ंत में एक की मौत, इधर ट्रेलर ने 2 लोगों को कुचला



**बलौदा बाजार/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार से सड़क हादसे में मौत की खबर सामने आई है. नेशनल हाईवे नवागांव ब्रिज के ऊपर दोस्तों ने ट्रक में रेस लगाई. ओव्हरटेक के चक्कर में भिडंत हो गई, जिससे एक ट्रक के क्लीनर की मौत हो गई। लिमतरा पुलिस मौके पर पहुंची है. यातायात व्यवस्था सुचारू की. रोड जाम होने पर रूट डायवर्ट कर आवाजाही करवाई प्रारंभ हो गई है. क्रेन मंगवाकर दोनों ट्रकों को नेशनल हाईवे से हटवाने प्रयास किया जा रहा. सिमगा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे का मामला है. रायगढ़ के थाना तमनार अंतर्गत झिंकाबहाल के पास ट्रेलर के दुर्घटना से 18 वर्षीय बाइक चालक गंभीर घायल हो गया. वहीं एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई. हादसा इतना जबरदस्त था कि मौके पर सिर चकनाचूर हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर तमनार पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमनार में भर्ती कराया. वहीं मृत व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है. तमनार पुलिस ने बताया कि बाइक चालक लक्ष्मण सिदार पिता हीरालाल सिदार उम्र 18 वर्ष निवासी बासनपाली थाना तमनार है. थाना तमनार में मर्ग 24/23 धारा 174 दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# बेरोजगारों को बनाया अप्रैल फूल- डा. रमन सिंह

**रायपुर।** राज्य सरकार ने बेरोजगार युवाओं को 2500 रूपये प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने का ऐलान किया है। इस संबंध में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने राज्य सरकार की मंशा पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने युवाओं को अप्रैल फूल बनाया है।10 लाख युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी, उस हिसाब से एक साल के लिए 2500 करोड़ का प्रावधान होना था, लेकिन सरकार ने सिर्फ 250 करोड़ रुपए का बजट रखा है।



सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण पर डॉ रमन ने कहा कि सीएम फिर छग की जनता के साथ छल कर रहे हैं। 2011 का सर्वे मनमोहन सिंह ने कराया था, क्या उस पर भरोसा नहीं है। प्रदेश में आचार संहिता लगने में 5 महीने ही बचे हैं। सर्वे का काम 4 महीने में पूरा होगा, ये आवासहीन लोगों के साथ मजाक किया है। वहीं बेरोजगारी भत्ता को लेकर नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने भी राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के बेरोजगार नौजवानों के साथ सरकार ने छल किया है। बेरोजगारी भत्ता देने की योजना को कठिन बनाया है। बेरोजगारी भत्ता देने के नियम कठिन हैं, ताकि युवा अपात्र हो जाएं। बजट में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सिर्फ 250 करोड़ का प्रावधान किया है, ये तो सिर्फ एक माह में खत्म हो जाएगा।

# केदार कश्यप बोले - सोनिया को राष्ट्र माता और रॉबर्ट वाड्रा को राष्ट्र दामाद भी घोषित कर दें

**रायपुर।** कांग्रेस नेता सत्यनारायण शर्मा के बयान से छत्तीसगढ़ में सियासी पारा उफान पर है. राहुल गांधी को राष्ट्रपुत्र कहे जाने पर बीजेपी-कांग्रेस आमने सामने है. इसी कड़ी में पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस पर तंज कसा है. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को कांग्रेस राष्ट्रपुत्र बताती है. सोनिया गांधी को राष्ट्रमाता घोषित कर देना चाहिए और रॉबर्ट वाड्रा को राष्ट्र का दामाद घोषित करना चाहिए। इसके अलावा केदार ने बेरोजगारी भत्ते को लेकर कहा कि



बेरोजगारों को आंदोलन की नौबत आई फिर भी सरकार नहीं जागी. सदन के अंदर और बाहर में सीएम के बयान अलग होते हैं. 15 लाख हर व्यक्ति के खाते में आए ये बात बीजेपी ने की ही नहीं. प्रत्येक परिवार को सक्षम करने का काम बीजेपी ने किया.

# मुख्यमंत्री बघेल ने महाराष्ट्र मंडल के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र मंडल के पदाधिकारियों की मांग पर भवन के सुविधा विस्तार के लिए 25 लाख रुपए की मंजूरी भी दी। कार्यक्रम की शुरुआत राजगीत से हुआ। मुख्यमंत्री ने समाज सेवा के क्षेत्र में महाराष्ट्र मंडल द्वारा संचालित कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा रायपुर में जनहित के



कार्य करने वाली पुरानी संस्था के रूप में इसकी पहचान है । यह 87 वर्ष पुरानी संस्था है। पुराने समय में रायपुर में महाराष्ट्र मंडल का एकमात्र सामाजिक भवन था, जिसका उपयोग धार्मिक, सांस्कृतिक, पारिवारिक सहित अनेक आयोजनों में होता रहा है,

# छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर 2 नक्सलियों को मार गिराया



*जवानों की C-60 कमांडोज ने बोला था माओवादियों के कैंप पर धावा, 1 शव बरामद*

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में जवानों ने 2 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। इनमें से एक नक्सली के शव को भी बरामद कर लिया गया है। जवानों की C-60 कमांडोज की टीम को यह कामयाबी मिली है। फिलहाल, जवान घटना स्थल पर ही मौजूद हैं। इलाके की सर्चिंग की जा ही है। मामला जिले के भामरागढ़ थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, महाराष्ट्र के गढ़चिरौली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी की एटापल्ली इलाके में भारी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी है। इसी सूचना के आधर पर C-60 कमांडोज की टीम को मौके के लिए निकाला गया।

# कांग्रेस प्रभारी सैलजा का छत्तीसगढ़ दौरा, बोलीं- राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने के खिलाफ पूरे देश में निकाली जा रही मशाल रैली

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा रायपुर दौरे पर हैं. जहां पार्टी के पदाधिकारियों से कई मुद्दों पर चर्चा करेंगी. इस दौरान कुमारी सैलजा ने कहा, जो राहुल गांधी जी के साथ हुआ, जिस प्रकार से उनकी लोकसभा की सदस्यता को भंग कर उन्हें निष्कासित किया गया. देशभर में इस बात के खिलाफ एक आवाज गूंज रही है. खासतौर से जो हमारा युवा वर्ग है जो बहुत ही उत्तेजित है। आगे उन्होंने कहा, इसके विरोध में



रायपुर में मशाल रैली निकाली जा रही है. कल बिलासपुर में होगा. साथ ही ये रैली पूरे प्रदेश में निकाली जा रही है. इसके अलावा भी और कई कार्यक्रम होंगे. उन्होंने यह भी बताया कि, कल हमारी प्रेस कॉन्फ्रेंस हर ब्लॉक में हुई. उससे पहले हमने प्रदेश के हेड क्वार्टर पर किया. आप देखेंगे कि आने वाले समय में यह संदेश जन-जन तक पहुंचेगा।

पात्र हितग्राहियों को प्रतिमाह मिलेंगे 2500 रूपये, ऑनलाइन कर सकेंगे आवेदन , आवेदन हेतु कोई अंतिम तिथि नही

# छत्तीसगढ़ में शुरू हुई बेरोजगारी भत्ता योजना

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल 2023 से बेरोजगारी भत्ता योजना लागू हो गई है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय से इस महत्वकांक्षी योजना की शुरूआत की है।

योजना की शुरूआत के साथ ही मुख्यमंत्री ने चार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृति आदेश भी प्रदान किया है। इस योजना के



अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को हर माह 2500 रूपए का भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में किया जाएगा। बेरोजगारों को साथ ही कौशल विकास का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा और उन्हें रोजगार प्राप्त करने में सहायता दी जाएगी।

## पात्रता की शर्तें

बेरोजगारी भत्ता योजना के आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना आवश्यक है। योजना के लिए आवेदन किए जाने वाले वर्ष के 1 अप्रैल को आवेदक की उम्र 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक मान्यता प्राप्त बोर्ड से कम से कम हायर सेकेण्डरी यानी 12वीं कक्षा पास हो। साथ ही छत्तीसगढ़ के किसी भी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन



केंद्र में पंजीकृत हो और आवेदन के वर्ष की 1 अप्रैल की स्थिति में हायर सेकेण्डरी या उससे अधिक योग्यता से उसका रोजगार पंजीयन न्यूनतम दो वर्ष पुराना हो। आवेदक की स्वयं का आय का कोई स्त्रोत न हो और आवेदक के परिवार के सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय 2.50 लाख रूपए से अधिक न हो। पारिवारिक आय हेतु तहसीलदार या उससे उच्च राजस्व अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र बेरोजगारी भत्ता की आवेदन तिथि से 1 वर्ष के अंदर ही बना हो।

## कौन होगा अपात्र

*बेरोजगारी भत्ता योजना के आवेदक के परिवार के एक से अधिक सदस्य यदि पात्रता की शर्तों को पूरा करते हैं तो परिवार के एक ही सदस्य को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत किया जाएगा। ऐसी स्थिति में बेरोजगारी भत्ता उस सदस्य को स्वीकृत किया जाएगा, जिसकी उम्र अधिक हो। उम्र समान होने की स्थिति में रोजगार कार्यालय में पहले पंजीयन करने वाले सदस्य को बेरोजगारी भत्ता के लिए पात्र किया जाएगा। उम्र और रोजगार पंजीयन की तिथि, दोनों समान होने की स्थिति में उस सदस्य को पात्र किया जाएगा जिसकी शैक्षणिक योग्यता अधिक हो।*

# अपनी ही सरकार पर बरसीं कोरबा सांसद

राखड़ से फैल रहे प्रदूषण पर हम 4 साल में कुछ नहीं कर पाए-ज्योत्सना महंत

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ की कोरबा सांसद ने जिले में प्लांटों से निकलने वाली राखड़ से फैल रहे प्रदूषण पर रोक लगाने में प्रदेश सरकार की नाकामी गिनाई है। उन्होंने कहा कि राखड़ से होने वाले प्रदूषण ने जिलेवासियों की परेशानी बढ़ा दी है। यहां से राखड़ परिवहन के दौरान बड़ी लापरवाही बरती जा रही है, जो शहरवासियों के लिए दिनों दिन मुसीबत बनते जा रही है।

सांसद ज्योत्सना महंत ने अपनी ही सरकार की नाकामी गिनाते हुए कहा कि, कोरबा जिले में राखड़ से



फैल रहे प्रदूषण के मामले में कांग्रेस सरकार 4 साल में शायद कुछ नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा हम लोग अपनी गलती छिपाना नहीं चाहते, हमारी कमियां है, लेकिन अब मुख्यमंत्री और राजस्व मंत्री से कहेंगे कि इसका निराकरण करे। आपको बता दे कि कोरबा जिले में संचालित पावर प्लांटों से निकलने वाले राखड़ के परिवहन में बड़ी लापरवाही बरती जा रही है। अवैध तरीके से राख यहां वहां डंप किया जा रहा है, जिससे शहरवासी काफी परेशान हैं।

# राजनीतिक दलों के स्वार्थ से पनपते हैं देश को नुकसान पहुंचाने वाले ढोंगी बाबा

*यह पहला मौका नहीं है जब धर्म की आड़ में हथियार जमा करके खालिस्तान समर्थक अमृतपाल जैसे स्वयंभू धार्मिक प्रचारक ने देश की एकता-अखंडता को चुनौती दी है। दरअसल ऐसे कथित बाबा और स्वयंभू पंथ प्रवर्तक जब तक राज्य और देश के लिए खतरा नहीं बन जाते तब तक पुलिस और अन्य एजेंसियां तमाशबीन बनी रहती हैं।*

धर्म के नाम पर होने वाले इस तरह के कारनामों से भारत की छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खराब हुई है। राजनीतिक दल ऐसे मुद्दों पर वोट खिसकने के भय से मौन साधे रहते हैं। ऐसे ढोंगियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में तभी लाई जाती है, जब राजनीतिक दलों को इनसे खतरा सताने लगता है। इससे पहले इनकी सारी आपराधिक हरकतों पर सरकारें वोट बैंक खिसकने के भय से चुप्पी साधे रहती हैं। ऐसा ही खालिस्तान समर्थक और संगठन वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल के मामले में हुआ। यह मुद्दा सिरदर्द बनने के बाद सरकारें बगलें झांकने लगीं। धर्म की आड़ लेकर समानान्तर सरकार चलाने का ख्वाब पालने वाले ऐसे कथित ढोंगियों को राजनीतिक दल शह देते आए हैं। जब पानी सिर से गुजरने लगता है, तब कार्रवाई की नौबत आती है। अमृतपाल ने जब सरेआम हथियारों के साथ प्रदर्शन किया, तब तक पुलिस कार्रवाई के लिए पंजाब सरकार का मुंह ताकती रही। केंद्र सरकार के चेतावनी देने के पर खतरे की गंभीरता के मद्देनजर कानूनी कार्रवाई की पहल की गई।



देश और समाज विरोधी कार्रवाई में लिप्त रहे पाखंडी बाबाओं और धर्म के ठेकेदारों को अंदाजा होता है कि राजनीतिक दल और सरकार वोट बैंक खिसकने के डर से आसानी से उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करेंगे। यदि सरकार ने ऐसा कोई प्रयास किया तो उनके समर्थक बवाल मचा देंगे।

अमृतपाल से पहले भी दूसरे ऐसे दूसरे ढोंगी बाबाओं के मामलों में पुलिस, केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों और राजनीतिक दल तब तक कार्रवाई करने से कतराते रहे जब तक वे देश या राज्य के लिए खतरा नहीं बन गए। अमृतपाल के अलावा चर्चित मामला ढोंग विद्या में माहिर नित्यानंद स्वामी का है। नित्यानंद की धोखाधड़ी की गूंज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुई। समय रहते हुए कार्रवाई नहीं करने से इससे भारत की छवि पर प्रतिकूल असर पड़ा है। नित्यानंद ने नागरिकों के अलावा अमेरिकी सरकार को अपने फरेब के जाल में फांस लिया और यह विश्वास दिला दिया कि वह एक देश कैलाशा का सर्वेसर्वा है। इस आधार पर उसने 30 अमेरिकी शहरों को ठग लिया। फर्जीवाड़े की इंतहा यह रही कि नित्यानंद संयुक्त राष्ट्रसंघ तक पहुंचने में कामयाब हो गया। इस दौरान भारत और अमेरिका की सुरक्षा एजेंसियां सोती रहीं। शातिर नित्यानंद के हथकंडों का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कागजी देश कैलाशा का प्रतिनिधित्व करते हुए उसकी एक महिला प्रतिनिधि सबकी आंखों में धूल झोंकते हुए संयुक्त राष्ट्रसंघ में ऑनलाइन भारत के खिलाफ भाषण तक दे आई। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र की नींद खुली।

भारत में धार्मिक आस्थाओं से खिलवाड़ करके देशद्रोह का काम करने वाले द्रोहियों की सूची काफी लंबी है। इसी श्रृंखला में देश की सुरक्षा एजेंसियों को अभी तक इस्लाम के कथित उपदेशक जाकिर नाइक की तलाश है। जाकिर नाइक पर भारत में भड़काऊ भाषण देने, मनी लॉन्ड्रिंग करने और आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप है। मई 2019 में ईडी ने जाकिर नाइक के खिलाफ टेरर फंडिंग मामले में चार्जशीट दायर की थी। नाईक 2016 से भारत से बाहर है। उसके खिलाफ भारतीय एजेंसियों ने नोटिस जारी किया है। इसी तरह ईसाई धर्म की आड़ में धार्मिक आस्थाओं को भुना कर अपने नापाक मंसूबे पूरे करने के प्रयास के मामले में तमिलनाडु के कन्याकुमारी में एक रोमन कैथोलिक पादरी जॉर्ज पोन्नैया को गिरफ्तार किया गया था।

पादरी पोन्नैया पर धार्मिक समूहों के बीच नफरत और दुश्मनी फैलाने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, डीएमके नेता एवं अन्य के खिलाफ विवादित टिप्पणी करने के आरोप लगे थे। ऐसे ही एक मामले में खुद को ईसा मसीह का दूत बताकर भविष्य में होने वाली घटनाओं की भविष्यवाणी करने का दावा करने वाले ठग पादरी बजिंदर सिंह को 2017 में अपनी ही फॉलोवर लड़की से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। बजिंदर हत्या के मामले में जेल भी गया। कथित धर्म गुरुओं ने कई बार लोगों की जान खतरे में डाली है। मध्य प्रदेश के रतलाम जिले के नयापुरा इलाके में कोरोना को चूम कर भगाने का दावा करने बाले मौलवी या इस्लामिक धर्मगुरु असलम कोरोना से संक्रमित पाया गया था, जिसके कुछ दिन बाद उसकी मृत्यु हो गई।

उसकी मृत्यु के पश्चात उसके सम्पर्क में आए 19 लोगों में से 4 की मौत हो गई। रेप और मर्डर के संगीन मामले में सजा काट रहे गुरमीत राम रहीम का प्रकरण पुराना नहीं है। डेरा प्रमुख 2017 से हरियाणा की सुनारिया जेल में बंद है, जहां वह सिरसा में अपने आश्रम के मुख्यालय में दो महिला शिष्यों से बलात्कार के आरोप में 20 साल की सजा काट रहा है। उसकी गिरफ्तारी पर पंचकुला और सिरसा में दंगे हुए और 38 लोगों की मौत हो गई। डेरा प्रमुख को राजनीतिक कारणों से पैरोल पर रिहा किए जाने के आरोप लगे।

योगेंद्र योगी

## संपादकीय

### लोकतंत्र एक हथियार?

खुद अमेरिका में लोकतंत्र की सेहत अच्छी नहीं है- तो टीकाकारों ने कहा है कि बेहतर होता कि राष्ट्रपति बाइडन पहले उसे सुधारने पर ध्यान देते, ताकि उसके जरिए वे दुनिया के सामने एक मिसाल पेश कर पाते। उठे कुछ गंभीर सवालों के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का प्रिय आयोजन- लोकतंत्र शिखर सम्मेलन का दूसरा संस्करण शुरू हुआ है। 28 से 30 मार्च तक चलने वाले इस सम्मेलन में वो 121 देश आमंत्रित हैं, जिन्हें अमेरिका लोकतांत्रिक समझता है। पहली बार इस शिखर सम्मेलन का आयोजन दिसंबर 2021 में हुआ था। तब 113 देश बुलाए गए थे। तब भी कई प्रश्न खुद पश्चिमी मीडिया में उठाए गए थे। इस बार ऐसे सवालों की गंभीरता कुछ अधिक बढ़ गई है। मसलन, इस विडंबना की तरफ ध्यान खींचा गया है कि सम्मेलन को 'दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश' भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उस समय संबोधित करेंगे, जब कुछ ही रोज पहले उन्होंने अपने आलोचक विपक्षी नेता को संसद से बाहर करवा दिया है। इस क्रम में अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के लोकतंत्र संबंधी पैमानों पर भारत की गिरती गई स्थिति का भी उल्लेख किया गया है। इसी तरह इस बात का उल्लेख भी हुआ है कि अमेरिका ने पाकिस्तान को भी इस सम्मेलन में आमंत्रित करने लायक समझा, जबकि वहां की शहबाज शरीफ सरकार की लोकतांत्रिक वैधता लगातार कठघरे में खड़ी है। दरअसल, ऐसे उदाहरणों की कोई कमी नहीं है। असल में खुद अमेरिका में लोकतंत्र की सेहत अच्छी नहीं है- तो टीकाकारों ने कहा है कि बेहतर होता कि राष्ट्रपति बाइडन पहले उसे सुधारने पर ध्यान देते, ताकि उसके जरिए वे दुनिया के सामने एक मिसाल पेश कर पाते।

# 'सहानुभूति' को सियासी जीत में बदल पाएंगे राहुल गांधी?

जिस तरह से मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ सूरत की अदालत का फैसला आया, जिस तरह फैसला आते ही ताबड़तोड़ तरीके से राहुल की लोकसभा सदस्यता खत्म की गई और जिस तरह भाजपा ने राहुल गांधी पर हमले तेज कर दिए हैं, उससे इतना तो साफ है कि मोदी सरकार और भाजपा राहुल गांधी को अब संभावित खतरा मानने लगी है। वरना कुछ समय पहले तक बीजेपी राहुल को पप्पू मानकर केवल उनका मजाक उड़ाने तक सीमित थी। उधर राहुल और कांग्रेस इस पूरे घटनाक्रम को 'राजनीतिक बदले' का रंग देकर उनके संसद सदस्यता गंवाने को 'शहादत' का रूप देने की कोशिश कर रहे हैं।

वे निचली अदालत के फैसले के खिलाफ ऊपरी कोर्ट में जाने की जल्दबाजी भी नहीं दिखा रहे हैं। कांग्रेसियों का मानना है कि इन तमाम घटनाओं से राहुल के प्रति जन सहानुभूति बढ़ेगी और इसका लाभ कांग्रेस और परोक्षतः विपक्ष को मिलेगा। इसका सीधा मतलब यही है कि अगला लोकसभा चुनाव फिर से मोदी बनाम राहुल में तब्दील हो सकता है, हालांकि ऐसा माहौल 2014 में भी बनाया गया था, जिसमें राहुल बुरी तरह नाकाम रहे थे। वही माहौल फिर से बने, इसकी पहली कसौटी यह है कि राहुल अपने काम, बयानों और संगठन क्षमता को लेकर कितने गंभीर हैं। जनता नेता को केवल सदस्यता के आधार पर ही नहीं तौलती है। वह जोखिम उठाने का साहस, कर्मनिष्ठा, संकल्पशक्ति और निर्णय क्षमता के कारकों पर भी नेता को देखती और परखती है। इन पैमानों पर राहुल अभी भी बहुत संजीदा नजर नहीं आते।



राहुल गांधी की सबसे बड़ी दिक्क त यह है कि बोलते समय वो राजनीतिक लाभ-हानि और उसके समग्र परिणामों के बारे में ज्यादा नहीं सोचते। उन्हें यह अहसास नहीं रहता कि कब और कैसे बोलने का क्या असर होगा? भाषा की समस्या तो उनके साथ है ही। वो अंग्रेजी में सोचकर हिंदी में बोलते हैं, जिससे अक्सर अर्थ का अनर्थ होता है।

जबकि उनके पास (अगले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर) समय ज्यादा नहीं बचा है।

### 'भारत जोड़ो यात्रा' से राहुल को लाभ

इसमें दो राय नहीं कि 'भारत जोड़ो यात्रा' ने राहुल की छवि को बेहतर बनाया है। यही कारण है कि राहुल की यात्रा को निर्द्वंद्व सम्पन्न होने देने वाली मोदी सरकार और भाजपा इस यात्रा के दूरगामी परिणामों का सूक्ष्मता से विश्लेषण कर अपनी अगली रणनीति पर काम कर रही है। चार महीने चली यात्रा के दौरान राहुल गांधी अमूमन विवादित बयानों से बचते रहे। एक दो बार मामला गड़बड़ाया भी तो वरिष्ठ सहयोगियों ने किसी तरह उसे संभाल लिया। उसके बाद ब्रिटेन की यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने भारतीय लोकतंत्र और मोदी सरकार पर जो टिप्पणियां की, संसद में अडानी को लेकर मोदी पर जो प्रहार किए, उससे सरकार, भाजपा और संघ के कान खड़े हो गए हैं।

इन बयानों के बाद राहुल की नीयत पर सवाल उठाए जाने लगे। विदेश में भारत के आंतरिक मसलों पर राहुल की प्रतिक्रिया को उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता के रूप में देखा गया। बहुतों का मानना है कि घर के अंदर लड़ाई लड़ने वाले राहुल को ऐसे मामलों में संयत होकर अपनी बात रखनी थी। राहुल के बयानों को मुद्दा बनाते हुए भाजपा ने उनसे संसद में माफी मांगने को लेकर संसद नहीं चलने दी। ऐसा शायद पहली बार हुआ कि सत्ता पक्ष ही, संसद नहीं चलने दे रहा था। भाजपा, राहुल को संसद में बोलने नहीं दे रही थी। दूसरी तरफ राहुल ने भी अपने बयानों के लिए माफी मांगने से इंकार कर दिया। हालांकि वो स्पष्टीकरण देने के लिए तैयार थे। लेकिन इस स्पष्टीकरण में भी वो ऐसी कुछ बातें कर सकते थे, जो मोदी सरकार को असहज कर सकती थीं। राहुल गांधी की सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि बोलते समय वो राजनीतिक लाभ-हानि और उसके समग्र परिणामों के बारे में ज्यादा नहीं सोचते। उन्हें यह अहसास नहीं रहता कि कब और कैसे बोलने का क्या असर होगा? भाषा की समस्या तो उनके साथ है ही। वो अंग्रेजी में सोचकर हिंदी में बोलते हैं, जिससे अक्सर अर्थ का अनर्थ होता है। हिंदी पर अधिकार न होना राहुल गांधी की ऐसी मूलभूत कमजोरी है, जिसकी वजह से उन्हें आगे भी नुकसान उठाना पड़ेगा।

अजय बोकिल

## मिला जुला

### एक नजर

#### पोर्न स्टार को पैसे देने का चलेगा केस, ट्रंप ने 24 घंटे में जुटाए 40 लाख अमेरिकी डॉलर



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एडल्ट स्टार से यौन संबंधों को छिपाने के लिए पैसा देने के मामले में जेल जा सकते हैं. न्यूयॉर्क की मैनहैटन ग्रैंड जूरी ने गुरुवार को ट्रंप पर मुकदमा चलाने का फैसला किया. जूरी द्वारा इल्जाम लगाए जाने के बीच ट्रंप ने अपने समर्थकों से मदद मांगी, जिसके 24 घंटे में ट्रंप के लिए 4 मिलियन अमरीकी डालर से अधिक राशि जुटा ली गई. ट्रंप के खिलाफ हश मनी अभियोग का केस लगाया जा रहा है, जिसमें उन पर आरोप है कि उन्होंने एडल्ट मूवी स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स से अपने संबंधों को छिपाने के लिए उसे पैसे दिए, ताकि वो किसी को कुछ बताए नहीं. हालांकि, स्टॉर्मी डेनियल्स ने एक इंटरव्यू में ट्रंप से न केवल अपने अफेयर को स्वीकारा, बल्कि ट्रंप पर कई आरोप भी लगा दिए.

#### हिन्दूफोबिया के खिलाफ US के इस राज्य में प्रस्ताव पास, कहा- शिक्षाविदों ने दिया बढ़ावा



नई दिल्ली. जॉर्जिया की असेंबली ने हिंदूफोबिया (हिंदुओं के प्रति हो रही कट्टरता) की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है. प्रस्ताव में कहा गया है कि हिंदू धर्म दुनिया के सबसे बड़े और सबसे पुराने धर्मों में से एक है. इसके 100 से अधिक देशों में 1.2 बिलियन से अधिक अनुयायी हैं. हिंदुओं में स्वीकृति, आपसी सम्मान और शांति के मूल्यों के साथ विविध परंपराओं और विश्वास प्रणालियों की एक श्रृंखला शामिल है. यह प्रस्ताव लाने के साथ ही जॉर्जिया इस तरह का विधायी उपाय करने वाला पहला अमेरिकी राज्य बन गया है।

# टोल टैक्स, एलपीजी और गोल्ड... आपकी जेब पर असर डालने वाले हैं आज से हो रहे ये 8 बड़े बदलाव

नई दिल्ली. आज से यानी एक अप्रैल से नए वित्त वर्ष 2023-24 की शुरुआत हो चुकी है. नए वित्त वर्ष के आगाज के साथ ही कई सारे नियम बदल गए हैं. नियमों में हुए बदलाव का असर आपकी जेब पर पड़ेगा. आज से नई इनकम टैक्स रिजीम के नए स्लैब लागू हो गए हैं. देश में गोल्ड की बिक्री को लेकर भी आज से नए नियम प्रभावी हो रहे हैं. इसके अलावा और भी कई बदलाव आज से हुए हैं.

#### 1. कमर्शियल एलपीजी हुआ सस्ता

आज से रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बदलाव हुआ है. 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 91.50 रुपये की कटौती की गई है. दिल्ली में 19 किलो के कमर्शियल सिलेंडर की नई कीमत 2,028 रुपये होगी. हालांकि, घरेलू रसोई गैस की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है. हर महीने की पहली तारीख को पेट्रोलियम कंपनियां रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बदलाव करती हैं.

#### 2. नई टैक्स रिजीम

एक अप्रैल यानी आज से देश में नए इनकम टैक्स रिजीम के नए स्लैब लागू हो गए हैं. सरकार ने आम बजट 2023 में नई स्लैब का ऐलान किया था, जिसमें स्लैब की संख्या को 6 से घटाकर पांच कर दिया गया था. सरकार ने कहा है कि नई टैक्स रिजीम डिफॉल्ट होगी. अगर किसी को पुरानी रिजीम चुननी है तो इसके लिए उसे फॉर्म भरना होगा.



#### 3. सात लाख रुपये तक कमाई टैक्स फ्री

आज से इनकम टैक्स छूट की सीमा पांच लाख रुपये से बढ़कर सात लाख रुपये हो गई है. हालांकि, ये लाभ नई टैक्स रिजीम चुनने वाले को मिलेगा. नई टैक्स रिजीम में इनकम टैक्स एक्ट की धारा 87A के तहत टैक्स छूट को 12,500 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये कर दिया गया है. हालांकि, नई रिजीम के तहत सात लाख रुपये तक की कमाई पर जीरो टैक्स का लाभ लेने वाले को 80C के तहत मिलने वाली छूट का फायदा नहीं मिलेगा.

#### 4. एक्सप्रेस वे पर सफर करना महंगा

एक अप्रैल से देश के हाइवे और एक्सप्रेसवे पर सफर करना महंगा हो सकता है. दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे और एनएच-9 पर आज से करीब 10 फीसदी टोल टैक्स में बढ़ोतरी हो गई है. मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर भी टोल की दर बढ़ाने का ऐलान हो चुका है. इस एक्सप्रेसवे पर अब सफर करने के लिए 18 फीसदी अधिक टोल चुकाना होगा. प्रत्येक वित्त वर्ष की शुरुआत में टोल टैक्स में बदलाव किया जाता है.

#### 5. ज्वैलरी पर हॉलमार्किंग अनिवार्य

एक अप्रैल 2023 यानी आज से गोल्ड की ज्वैलरी पर हॉलमार्किंग को अनिवार्य कर दिया गया है. आज से सिर्फ 6 अंक वाले अल्फान्यूमेरिक हॉलमार्किंग ही मान्य होंगे. 4 अंकों के हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन वाली ज्वैलरी की बिक्री अब नहीं हो सकेगी.

#### 6. स्मॉल सेविंग स्कीम की ब्याज दरों में इजाफा

एक अप्रैल 2023 से स्मॉल सेविंग में निवेश करने वालों को डिपॉजिट पर अधिक ब्याज मिलेगा. सरकार ने अप्रैल-जून 2023 की तिमाही के लिए ब्याज दरों में इजाफा किया है. छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों में 70 बेसिस प्वाइंट का इजाफा किया है. वित्त मंत्रालय ने जारी एक नोटिफिकेशन में कहा कि सीनियर सिटीजन स्कीम, मंथली इनकम स्कीम, नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट, किसान विकास पत्र और सुकन्या समृद्धि योजना जैसी स्कीमों की ब्याज दरों में इजाफा किया गया है.

#### 7- म्यूचुअल फंड्स में बदलाव

नए फाइनेंसियल ईयर यानी एक अप्रैल से डेट म्यूचुअल फंड्स में किए गये निवेश पर शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन्स के तहत टैक्स लगेगा. सरकार ने लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स को खत्म कर दिया है. 36 महीने से पहले डेट म्यूचुअल फंड के रिडिम के बाद अगर कोई यूनिट्स की सेल करता है, तो होने वाले मुनाफे पर शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन्स लगता है. लेकिन 36 महीने से अधिक की होल्डिंग के बाद यूनिट्स बेचने पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स लगता है.

#### 8. महिलाओं के लिए नई स्कीम

आज से सरकार महिलाओं के लिए महिला सम्मान सेविंग स्कीम की शुरुआत कर रही है. महिला सम्मान सेविंग स्कीम को महिला या लड़कियों के नाम पर लिया जा सकता है. यह वन टाइम स्कीम है और 2023-2025 के बीच दो साल की अवधि के लिए ही निवेश के लिए उपलब्ध होगी.

# पीएम नरेंद्र मोदी की डिग्री दिखाने का आदेश खारिज

## केजरीवाल पर 25 हजार का जुर्माना

**पीएम** नरेंद्र मोदी की एमए डिग्री पेश किए जाने के केंद्रीय सूचना आयोग के आदेश को गुजरात हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। इसके अलावा उच्च न्यायालय ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर 25 हजार रुपये का फाइन भी लगाया है। उच्च न्यायालय ने कहा कि पीएमओ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पोस्ट ग्रैजुएट डिग्री दिखाने की जरूरत नहीं है। उच्च न्यायालय की जस्टिस बीरेन वैष्णव की एकल बेंच ने केंद्रीय सूचना आयोग के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें पीएमओ के सूचना अधिकारी के अलावा गुजरात यूनिवर्सिटी और दिल्ली यूनिवर्सिटी को आदेश जारी किया गया था।



#### सॉलिसिटर जनरल बोले- बचकाना मांग के लिए नहीं दे सकते जानकारी

उन्होंने कहा कि किसी की बचकाना मांग को पूरा करने के लिए करने के लिए किसी को भी सूचना देने के लिए नहीं कहा जा सकता। यह गैर-जिम्मेदार जिज्ञासा है। तुषार मेहता ने कहा कि जो जानकारी मांगी गई है, उसका पीएम नरेंद्र मोदी के कामकाज से कोई लेना देना नहीं है। अदालत में सॉलिसिटर जनरल ने तर्क दिया कि आरटीआई ऐक्ट के मुताबिक वही जानकारी मांगी जा सकती है, जो सार्वननिक गतिविधि से जुड़ी हो और जिसके बारे में जानना जनहित में जरूरी हो।

### 'कोई इस भ्रम में हैं कि...', हावड़ा हिंसा पर बंगाल के गर्वनर का कड़ा संदेश, ममता सरकार से रिपोर्ट तलब की



हावड़ा. पश्चिम बंगाल के हावड़ा में रामनवमी के मौके पर हुई हिंसा को लेकर बीजेपी ममता सरकार पर हमलावर है. इस बीच गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस को फोन कर स्थिति की जानकारी ली है. इसके बाद गवर्नर आनंद बोस ने कहा कि स्थिति की समीक्षा के लिए उन्होंने सीएम ममता बनर्जी से बात की है. उन्होंने राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि उपद्रवियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाए. राज्यपाल ने इस मामले में सरकार से सख्त कदम उठाने के साथ ही रिपोर्ट तलब की है.

# '24 घंटे में निर्णय लें या परिणाम भुगतने को तैयार रहें' तमिलनाडु सरकार पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

**सुप्रीम** कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को उच्चतम न्यायालय के आदेश का पालन नहीं करने पर कड़ी चेतावनी दी है। 24 घंटे की मोहलत देते हुए जेल में बंद श्रीलंकाई नागरिक के संबंध में कोर्ट के आदेश का पालन करने को कहा है। श्रीलंकाई नागरिक पिछले 35 सालों से तमिलनाडु की जेल में बंद है।

#### क्या कहा था सुप्रीम कोर्ट ने?

साल 2018 की एक पॉलिसी को आधार बनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कुछ वक्त पहले तमिलनाडु सरकार को श्रीलंकाई कैदी को रिहा करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के अनुरोध पर सरकार को आदेश दिया था कि उसे तब तक ट्रांजिट कैंप पर रखा जाए और सप्ताह भर के अंदर सारी प्रक्रिया पूरी कर ली जाए।

#### ....नहीं तो गंभीर परिणाम होंगे

जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस एहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच जब इस बात का पता लगा कि तमिलनाडु सरकार ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है तो बेंच बहुत नाराज हो गई। कोर्ट ने फौरन अवमानना की कार्यवाही तो नहीं शुरू की लेकिन राज्य सरकार को कड़े शब्दों में चेतावनी दी। बेंच ने कहा कि यह ऐसा मामला था जिसमें आरोपी पिछले 33 सालों से जेल में बंद है। राज्य सरकार एक साधारण से आदेश का पालन नहीं कर पाई। आज तो हम अवमानना की कार्यवाही नहीं शुरू कर रहे हैं लेकिन अगर 24 घंटे के अंदर जरूरी कदम नहीं उठाए तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। मामले की अगली सुनवाई 17 अप्रैल को होनी है।

#### भारत की जेलों में कितने विदेशी कैदी?

भारत में करीब 5000 विदेशी कैदी अलग-अलग जेल में बंद हैं। इनमें से एक 1140 दोषी करार दिए जा चुके हैं, जबकि 3467 ट्रायल का सामना कर रहे हैं। सरकार ने पिछले साल संसद को यह जानकारी दी थी। तब सरकार ने बताया था कि देश के अलग-अलग राज्यों में जेलों में बंद विदेशी मूल के कैदियों में सर्वाधिक बांग्लादेश के हैं।

# दाऊ राम चंद के स्मृति में आयोजित प्रदेश स्तरीय नाचा महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ!

## प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने दीपप्रज्वलन कर किया शुभारंभ!

दुर्ग। दुर्ग ग्रामीण तीन दिवसीय 31 मार्च और 1 अप्रैल एवं 2 अप्रैल को स्वः रामचंद देशमुख प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत महोत्सव कार्यक्रम स्थल ग्राम निकुम पुरानी बस्ती जिला दुर्ग छ.ग. में लोककला के संरक्षण,संवर्धन एवं प्रदर्शन के उद्देश्य से आयोजित नाचा महोत्सव शुभारंभ किया गया।





जिसका उद्घाटन स्थानीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू के मुख्य अतिथि में सम्पन्न हुआ, अध्यक्षता अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग शालिनी रिवेन्द्र यादव, अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग देवेन्द्र देशमुख, नन्द कुमार सेन, अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति निकुम धरमदास साहू, सरपँच मुक्ति सुधाकर, सलाहकार समाज सेवी हर्ष साहू,उपसरपंच मनीष बेलचंदन, मुरली देशमुख,जनपद सदस्य रूपेश देशमुख, टिकेश्वरीलाल देशमुख, नोहर साहू,सरपँच हुल्ली बाई साहू, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत आलबरस रोशन लाल देशमुख, रिवेंद्र यादव सहित ग्रामीण जन उपस्थिति में किया गया, कार्यक्रम की शुरुआत नाचा गम्मत के शीर्ष कलाकार स्व. दाऊ रामचंद्र देशमुख,स्व.खुमान लाल साव, स्व. मदन मंदराजी ,स्व. बाबु दास बोडेला ,स्व.झुमुकदास बघोल, स्व.नियईक दास मानिकपुरी, के तैलचित्रो पर माल्यापर्ण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा में अपनी बहुमूल्य संस्कृति को समेटे हुए हमारी धरोहर है, नाचा गम्मत, जिसमें हमारे क्षेत्र के प्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा अपनी हास्य अदाकारी, उनके भावपक्ष, नाचा पार्टी का उद्देश्य हमारे मानव समाज में निहित विभिन्न बुराइयों के प्रति लडने् के लिए, आगे आने के लिए प्रोत्साहित करती है, यह सिर्फ मनोरंजन का साधन ना होकर हमारी संस्कृति के साथ साथ समाज में विभिन्न बुराइयों के ऊपर कटाक्ष करने का माध्यम है, आगे कहा कि नाचा गम्मत धरोहर को सहेजने के लिए, हमारी आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए हमारे युवा वर्ग आज परस्पर सामने आकर ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करा रहे हैं, जो निश्चित ही हमारे आने वाले भविष्य के लिए बहुत अच्छा साबित होगा, उन्होंने आगे कहा कि जब से प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व विलुप्त लोककला संस्कृति को फिर से सहजने का काम कर रही है, उन्होंने इस आयोजन के लिये आयोजन समिति को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित किया, इस मौके पर इस मौके पर उपस्थित अतिथि गण जनपद सदस्य रूपेश देशमुख, जनपद सदस्य टिकेश्वरी लाल देशमुख,विधायक प्रतिनिधि डा. पिलेश्वर साहू, दुर्ग ग्रामीण जिला सचिव जामवंत गजपाल,जिला कांग्रेस के सचिव बलराम देशलहरे,ब्लाक अध्यक्ष नन्दकुमार सेन,उपाध्यक्ष जिला काग्रेस दुर्ग ग्रामीण नन्दकुमार साहू,जनपद सदस्य सभापति हरेन्द्र देव धृतलहरे,सरपंच तिरगा घसिया राम देशमुख,जनपद सदस्य मनीष चन्द्राकर ,सरपंच मुक्ती सुधाकर,तारा शर्मा,सरपंच आशा देशमुख,मुरली देशमुख,बाबु लाल देशमुख,घनश्याम साहू,हुल्ली बाई साहू,सुरेश साहू सरपंच भोथली,दीपिका चन्द्राकर,प्रीति वैष्णव, नाचा गम्मत महोत्सव प्रदेश पदाअधिकारी प्रदेश अध्यक्ष रजित चक्रधारी,उपाध्यक्ष हरबचन श्रीवास,सचिव धुव कुमार साहू,कोषाध्यक्ष माजन साहू,सह सचिव राजकुमार साहू,सलाकार डोमार कुवंर,संरक्षक कमलनारायण देशमुख,पंचराम ठाकुर,कुवंर मानिकपुरी,मिडिया प्रभारी भूपेश रजक,जिला अध्यक्ष भूपेन दास साहू,बावनवीर यदु,उत्तम धुव,प्रकाश पटेल,उत्तर साहू,हेम सिंग नाग,गोपाल यादव,ऋषि किरण,फेरू राम सेन,दिलेश्वर साहू,घनश्याम पटेल,तोमन कोमले सहित आयोजन समिति के सदस्य सहित ग्रामीण जन लगभग सैकडों संख्या लोग मौजूद थे, मंच संचालन खिलेंद्र कुमार यादव ने किया।

कार्यक्रम के प्रथम दिन इन नाचा पार्टी की रही प्रस्तुति अमोल प्रभु नाचा गम्मत रनचिरई जिला बालोद,छ.ग. महतारी नाचा गम्मत कुम्हारी रायपुर, माटी के सिंदूर नाचा गम्मत बूटाकसा मानपुर मोहला,चंदा के मया नाचा गम्मत छिपली धमतरी,जय सूर्या नाचा गम्मत रानीदाहरा (कवर्धा),जय चंडी मां नाचा गम्मत बिरकोनी महासमुंद की प्रस्तुती दी गई।

# 65 सुपरवाइजर और 542 प्रगणक के साथ जिले में छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 की हुई शुरूआत

## -जिला स्तर पर सुपरवाइजरों और जनपद स्तर पर प्रगणकों को दी चुकी है ट्रेनिंग



**दुर्ग।** शासन की विभिन्न योजनाओं से जन-जन लाभान्वित हो इसके लिए आज 01 अप्रैल से मुख्यमंत्री श्री भुपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2023-24 के पहले दिन छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य जिले में प्रारंभ हो गया है। इसके सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर को नोडल, जिला पंचायत सीइओ को सहायक नोडल एवं जनपद पंचायत सीइओ को विकासखण्ड स्तर पर नोडल नियुक्त किया गया है। दुर्ग, धमधा व पाटन अंतर्गत क्रमशः 65 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। इस क्रम में दुर्ग, धमधा व पाटन जनपद में क्रमशः 186, 162 व 194 प्रगणक की नियुक्ति की गई है। ग्राम पंचायतवार 18 बिंदुओं पर ये प्रगणक सर्वे करेगें।

सर्वेक्षण के संबंध में सुपरवाइजरों की ट्रेनिंग जिला स्तर पर एवं प्रगणकों की ट्रेनिंग जनपद स्तर पर पूर्व में ही कराई जा चुकी है। कलेक्टर श्री पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश में सभी विकासखण्डों में सर्वेक्षण टीम घर-घर पहुंचकर निर्धारित प्रपत्र और सर्वेक्षण एप में डाटा संग्रह कर रही है। कलेक्टर ने सर्वे में कोई परिवार न छूटे इसके लिए सर्वे कर रहे प्रगणकों को सावधानी पूर्वक करने के लिए निर्देशित भी किया है। सर्वे के दौरान सर्वे हो चुके मकानों के चिन्हांकन भी किया जाएगा ताकि वर्गीकरण करने में आसानी होगा। सर्वे किए गए परिवार के मुखिया का फोटो मकान नंबर के साथ एवं मुखिया का हस्ताक्षर भी लिया जाएगा।

# वन अधिकार मान्यता पत्र एवं ऋण पुस्तिका का वितरण



**फरसगांव।** केशकाल विधानसभा के बड़ेराजपुर विकासखंड अंतर्गत निवासरत ग्रामीणों को अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी अधिनियम के तहत वन अधिकार मान्यता पत्र एवं ऋण पुस्तिका का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को बड़ेराजपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम कलगांव में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों उपस्तिथि में छत्तीसगढ़ विधानसभा उपाध्यक्ष व केशकाल विधायक संतराम नेताम के द्वारा 317 पात्र लाभार्थियों को वन अधिकारी मान्यता पत्र वितरण किया गया जिसमें ग्राम कौंदकेरा 20, कोपरा 76, चिंदलह 6, सलना में 38 समेत अन्य ग्रामों के ग्रामीणों को वन अधिकार मान्यता पत्र वितरण किया गया । इस दौरान वि.स उपाध्यक्ष संतराम नेताम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की जिस प्रकार छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल के द्वारा छत्तीसगढ़ के मूलनिवासी एवं परंपरागत निवासियों के अधिकारों का संरक्षण करने के लिए पहल की गई है यह सराहनीय पहल है बस्तर के सभी विधायकों ने माननीय मुख्यमंत्री से मांग किया था कि जल्द से जल्द सभी पात्र हितग्राहियों को अधिकार पत्र दिया जाए। परिणामस्वरूप बस्तर के निवासियों की जल जंगल जमीन की मांग पूरी हुई है पूरे प्रदेश में कोंडागांव जिले के सर्वाधिक हितग्राहियों को वन अधिकार मान्यता पत्र बांटा गया है।

# दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा की अनुशंसा पर दिव्या कलिहारी (साहू) बनी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष

***दिव्या कलिहारी ( साहू ) होगी दुर्ग जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष***



**दुर्ग।** दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा की अनुशंसा पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव व प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय की सहमति एवं जिला प्रभारी राजीव अग्रवाल की स्वीकृति से भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने भाजपा महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद पर दिव्या कलिहारी (साहू) को नियुक्त किया है। दिव्या कलिहारी साहू समाज की प्रतिष्ठित सामाजिक नेता है, दिव्या कलिहारी दुर्ग जिला साहू संघ की महिला प्रकोष्ठ की जिला संयोजिका रह चुकी है तथा वर्तमान में दुर्ग जिला साहू संघ की जिला उपाध्यक्ष है। श्रीमती कलिहारी पाटन ब्लाक के ग्राम चुनकट्टा की निवासी है। नियुक्ति पश्चात जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि जिले में 50 प्रतिशत महिलाओं की आबादी के बीच भारतीय जनता पार्टी के कार्यों को गति प्रदान करने एवं महिलाओं के बीच पार्टी का आधार मजबूत करने की दृष्टि से श्रीमती दिव्या कलिहारी (साहू) को महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति प्रदान की गई है। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष दिव्या कलिहारी को निर्देशित किया है कि महिला मोर्चा की दुर्ग जिला कार्यकारिणी की जल्द ही घोषणा करें साथ ही दुर्ग जिला संगठन के सभी 13 मंडलों में शीघ्रातिशीघ्र महिला मोर्चा की टीम का गठन करे।

# युवा कांग्रेस के नेतृत्व में नगर में की गई लोकतंत्र बचाओ मशाल शांति मार्च का आयोजन

## केंद्र सरकार के विरोध में निकाली गई मशाल रैली




**कोंडागांव।** युवा कांग्रेस कोंडागांव जिला अध्यक्ष पिताम्बर नाग के नेतृत्व में केंद्र सरकार के ताना साही रवैये के विरोध में शुक्रवार की शाम नगर में मशाल रैली का आयोजन किया गया।कांग्रेसजनों ने हांथ में मशाल लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते कांग्रेस भवन से निकलकर नगर के हृदय स्थल जयस्तम्भ चौंक पहुंच रैली को समाप्त किया। इस रैली में कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पिताम्बर नाग ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार लोकतंत्र की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है हमारे नेता राहुल गांधी को संसद में बोलने नहीं दिया जाता वहीं अडानी और पीएम मोदी के बीच रिश्ते को उजागर करने के चलते राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी गई लेकिन इस तरह की कार्यवाही से कांग्रेस डरने वाली नहीं है। बता दे आयोजित मशाल रैली में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष झुमुक लाल दीवान, जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम,शहर अध्यक्ष तरुण गोलछा, ब्लॉक अध्यक्ष भारत देवांगन,तबस्सुम बानो प्रदेशसचिव सुकबती मरकाम प्रदेश सचिव मीडिया प्रभारी रीतेश पटेल, प्रवक्ता शिल्पा देवांगन,हेमा देवांगन शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष कोण्डागाँव नगरपालिका अध्यक्ष वर्षा यादव पार्षद शांति पाण्डे ललिता नेताम प्रीतिभदोरिया शहर प्रवक्ता गुणमती नायक पूर्व पार्षद कोण्डागाँव विधानसभा अध्यक्ष रितेश गुप्ता, केशकाल विधानसभा अध्यक्ष संजय मरकाम, जिला उपाध्यक्ष अमन सागर, उपाध्यक्ष प्रियांश चौहान, प्रतीक्षा सजल, गीतेश बघेल, राकेश कुंजाम,दयाशंकर मरकाम,सुनील कोर्राम, दिनेश नेताम, एवं बड़ी संख्या में जिला कांग्रेस कमेटी व युवा कांग्रेस के सदस्य मौजूद रहे।

# कोण्डागांव पुलिस ने स्कूटी चोर को किया गिरफ्तार

## आरोपी संजू कोरार्म एवं धमेन्द्र उर्फ बाबा ध्रुव प्रार्थी के घर का ताला तोडकर घर से किए थे स्कूटी चोरी।



**आरोपियो के कब्जे से 60 हजार कीमती चोरी की स्कूटी किया गया बरामद।**

**कोण्डागांव।** पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल (भा0पु0से0) के आदेश से एडीशनल एसपी श्री शोभराज अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी कोण्डागांव श्री निमितेश सिंह के पर्यवेक्षण में कोण्डागाव पुलिस ने दिनांक 30.03.23 को स्कूटी चोरी के 2 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। प्रार्थी गजेन्द्र नेताम अपने शासकीय क्वाटर में स्कूटी क्रमांक सीजी 27 एल 3130 रखकर अपने गृह ग्राम मालाकोट गया था। दिनांक 04.02.2023 के दरम्यानी अज्ञात चोर द्वारा दरवाजा का लगा ताला तोड कर घर अन्दर प्रवेश कर उक्त स्कुटी को चोरी कर ले गया है कि प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना कोंडागांव में अपराध क्रमांक 104/23, धारा 457,380 भादवि . पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अज्ञात आरोपी एवं चोरी गई स्कूटी के पता तलाश दौरान मुखबीर सूचना के आधार पर आरोपी धमेन्द्र ध्रुव एवं संजु कोरार्म को हिरासत में लेकर पुछताछ किया जो दोनो मिलकर चोरी करना कबूल किये। आरोपी संजू कोरार्म के द्वारा अपने घर से चोरी की एक्टिवा स्कूटी पेश करने पर गवाहो के समक्ष जप्त किया गया।

# कमिश्नर कार्यालय के रीडर चंद्रशेखर मिश्रा को दी गई भावभीनी विदाई



**जगदलपुर।** कमिश्नर श्याम धावड़े द्वारा कार्यालय के न्यायालीन शाखा के रीडर श्री चंद्रशेखर मिश्रा को भावभीनी विदाई दी गई। कमिश्नर श्री धावड़े ने कहा कि कमिश्नर कार्यालय के न्यायालय में विश्वास के साथ संभाग के लोग आते है ऐसे में एक न्यायालयीन कार्य में दक्ष कर्तव्यनिष्ठ-जिम्मेदार कर्मचारी कार्यालय में होने से न्यायालयीन कार्य सरलता से हो जाता है। स्वैच्छिक सेवानिवृति लिए कर्तव्यनिष्ठ,जिम्मेदार और उर्जावान मिश्रा जी कमी कार्यालय में खलेगी। कमिश्नर श्री धावड़े और द्वय डिप्टी कमिश्नर सहित कार्यालय के अन्य अधिकारी-कमर्चारियों ने विदाई में मिश्रा जी और उनकी धर्मपत्नी को साल-श्रीफल से सम्मानित कर स्मृतिचिन्ह भेंट किए। श्री मिश्रा अपने 35 वर्ष 8 माह की शासकीय सेवा उपरांत स्वैच्छिक सेवानिवृति लिया है। श्री मिश्रा ने अपनी शासकीय सेवा में अगस्त 1987 में सहायक ग्रेड 3 के पद पर कलेक्टर कार्यालय में शुरू किया था। कमिश्नर कार्यालय में वरिष्ठ रीडर के रूप में मिश्रा जी ने न्यायालयीन व कार्यालय के अन्य कार्य के दक्ष रहे इसलिए कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारियों ने उनको भीष्म पितामह की संज्ञा दी।

# भूजल स्त्रोंतो से जल जीवन मिशन के लिये सफल स्त्रोतों का चयन एवं भू-जल रिचार्जिंग के लिये स्थल चयन पर दो दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ



**जगदलपुर।** जगदलपुर संभाग के अंतर्गत जिलों के सभी ग्रामों में जल जीवन मिशन के तहत घर-घर नल से जल प्रदाय का कार्य चल रहा है। योजनाओं के लिये हाईड्रो जिओ लॉजिकल मैप के आधार पर भू-जल स्त्रोतों के चयन कर सफल स्त्रोत निर्माण करने हेतु 03 दिवसीय कार्यशाला आज जगदलपुर के होटल अविनाश इन्टरनेशनल में प्रारंभ हुआ। इस कार्यशाला में नेशनल रिमोट सेंसिंग सेन्टर हैदराबाद से डॉ0 आई.सी.दास. हेड ऑफ डिपार्टमेंट, वाटर सेक्टर, डॉ निनाद बोधनकर विभागाध्यक्ष जिओलॉजि विभाग, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर एवं डॉ0 प्रशांत कपिश्वर वरिष्ट वैज्ञानिक छत्तीसगढ़ साइन्स एण्ड टेक्नोलॉजिकल कौंसिल रायपुर श्री हिंगोरानी, प्रमुख अभियंता (रिटायर्ड) एवं तकनीकी डायरेक्टर वाटर सेनिटेशन कैड सालुशन भोपाल, श्री ए.के. साहू मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जगदलपुर परिक्षेत्र जगदलपुर, श्री जगदीश कुमार अधीक्षण अभियंता जगदलपर, श्री बारापात्रे अधीक्षण अभियंता कोण्डागांव, श्री मडलोई मुख्य अभियंता, (मेकेनिकल), श्री कम्हारे अधीक्षण अभियंता ( मेकेनिकल) रायपुर, सभी जिलो के कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता एवं उपअभियंता, उपस्थित थे।

दिनांक 02 एवं 03 अप्रैल 2023 को ट्रैनिंग के अनुसार ग्राम चिड़पाल, विकासखण्ड दरभा में स्त्रोत का चयन कर नलकूप खनन का कार्य किया जावेगा। साथ-साथ भू-जल रिर्चाजिंग के लिये स्थल चयन किया जावेगा एवं इनका निर्माण कर पेयजल की सुनिश्चता की जाएगी ।

## एक नजर

# सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**जगदलपुर।** सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 का कार्य आज से जिले में प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर श्री चंदन कुमार ने विकासखंड जगदलपुर के ग्राम पंचायत आसना, धुरगुड़ा और गरावंडकला में किये जा रहे सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी श्री प्रकाश सर्वे, जनपद सीईओ गौतम पाटिल सहित अन्य अधिकारी, सुपरवाइजर,प्रगणक दल उपस्थित थे। कलेक्टर ने प्रगणक दलों से चर्चा की और सर्वेक्षण हेतु निर्धारित प्रपत्र का अवलोकन किया। उन्होंने प्रगणक दलों को पूरी गंभीरता से त्रुटि रहित सर्वेक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने सर्वेक्षण के लिए वार्ड पंचों की जिम्मेदारी, मकानों का नंबरिंग, सर्वे की प्रक्रिया, मोबाइल एप, पोर्टल में ऑनलाइन एंट्री एवं मैनुअल एंट्री के बारे में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही ग्रामवासी को सर्वेक्षण कार्य मे सहयोग करने की अपील की।

# बड़ेडोंगर में वार्षिक मेला का हुआ आयोजन



**फरसगांव।** कोंडागांव जिले के अंतर्गत फरसगांव ब्लाक में आध्यात्म नगरी बड़ेडोंगर में वार्षिक मेला का आयोजन में ग्रामीण अंचल ग्राम के समस्त देवी देवताओ को समागम माँ दंतेश्वरी मंदिर में हुआ बड़ेडोंगर क्षेत्र के देव प्रमुख नरसिंग नाथ के छत्र की अगुवॉई में मेला का आयोजन किया गया और देवी देवताओं ने भ्रमण किया गया केशकाल विधानसभा विधायक व विधानसभा उपाध्यक्ष सन्तराम नेताम भी मेले में शामिल हुऐ ।

# खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत अपर कलेक्टर ने लगाया तीन लाख रूपये का जुर्माना

**जगदलपुर।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत में मेसर्स राजस्थानी फुड्स शांति नगर जगदलपुर में लूज भाव नगरी सेव को अवमानक पाए जाने के कारण न्यायालय अपर कलेक्टर श्री हरेश मंडावी ने विधिवत सुनवाई करते हुए लूज भाव नगरी सेव के संचालक के ऊपर तीन लाख रुपये शास्ति (जुर्माना) अधिरोपित किया। प्रकरण में 11 मार्च 2022 को लूज भाव नगरी सेव के सेम्पल में तेल का बार-बार उपयोग कर विक्रय करने का आरोप लगा था। जिसमें आरोप सिद्ध पाये जाने पर उक्त कार्यवाही किया गया।

ज्ञात हो कि मेसर्स राजस्थानी फुड्स से खाद्य पदार्थ लूज भाव नगरी सेव का सेम्पल लिया गया था। खाद्य नमूना को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी रायपुर को जांच हेतु भेजा गया। राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला से जांच प्रतिवेदन के अनुसार उक्त खाद्य पदार्थ को अवमानक सब-स्टैंडर्ड घोषित किया गया।

## चोर गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे

# सूने मकान से की लाखों की चोरी, मुंबई व पुणे में कर रहे थे ऐश

**भिलाई ।** मोहन नगर थाना क्षेत्र में 10 दिन पहले हुई चोरी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लगभग डेढ़ लाख रुपए के सोने व चांदी के जेवर बरामद किया गया है। इन चोरों ने चोरी के बाद मुंबई व पुणे की सैर भी की। अब पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। इस मामले में शुक्रवार को एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने पुलिस कंट्रोल रूम में प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर खुलासा किया है।

मोहन नगर थाने में 21 मार्च को आशा नगर निवासी कु. निशा पोर्ते ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। इनके घर पर 18 से 20 मार्च के बीच चोरी हुई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने इस मामले में चोरों की तलाश शुरू कर दी। इस बीच मुखबिरों की सूचना पर जुगल गिल, जयकिशन देवांगन एवं सुभम देवांगन को हिरासत में लिया गया। आरोपियों से पूछताछ पर राजनांदगांव निवासी दीपक यादव के साथ मिलकर नकबजनी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। घटना के बाद सभी चोर मुंबई व पुणे घूमने चले गए थे।

# राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का स्थानीय स्तर पर हो व्यापक प्रचार-प्रसार-कलेक्टर

## कलेक्टर सिन्हा ने योजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु सभी सीएमओ, एसडीएम एवं तहसीलदार की ली बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज वीडियो कांन्फ्रेस के माध्यम से राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का क्रियान्वयन नगर पंचायत एवं अनुसूचित क्षेत्रों के नगर पालिका क्षेत्रों में किए जाने के संबंध में सभी सीएमओ, एसडीएम एवं तहसीलदार की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है जो पूर्व में ग्रामीण स्तर पर संचालित की जा रही थी, जिसका विस्तार वर्तमान में नगर पंचायत में किया जाना है। इसके लिए स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे अधिक से अधिक लोग इस योजना से लाभान्वित हो सके। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधि की बैठक ले एवं योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान करें, ताकि जनसामान्य को इस योजना का लाभ मिल सके। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि वर्तमान में मुख्य रूप से राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त करना है। जिसके लिए उन्होंने सीएमओ को आवेदन प्राप्त करने हेतु स्थान चयन के निर्देश दिए। छत्तीसगढ़



शासन द्वारा राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का विस्तार ग्राम पंचायतों के साथ-साथ अनुसूचित क्षेत्रों के नगर पालिका में भी किया गया है। जिसके तहत रायगढ़ जिले के घरघोड़ा, लैलूंगा, धरमजयगढ़, पुसौर, किरोड़ीमलनगर नगर पंचायत और खरसिया नगर पालिका क्षेत्र में निवासरत पात्र हितग्राही भी अब योजना का लाभ ले सकेंगे। कलेक्टर सिन्हा ने नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया कि योजना का बेहतर क्रियान्वयन हेतु समय-सारिणी अनुसार कार्य करें। उन्होंने एसडीएम एवं तहसीलदार को निर्देशित किया कि योजना के क्रियान्वयन में राजस्व विभाग की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी, अत: इसमें सहयोग सुनिश्चित करें। अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा इस योजना अंतर्गत ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में हितग्राहियों से नवीन आवेदन प्राप्त कर डाटा एन्ट्री का कार्य करने के लिए समय सारणी जारी किया गया है। शासन द्वारा जारी गाईड लाईन के अनुसार नवीन आवेदन प्राप्त करने की तिथि 1 से 15 अप्रैल तक निर्धारित की गई है। पोर्टल में डाटा प्रविष्टि करने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल तक एवं तहसीलदार द्वारा पंजीकृत आवेदनों का निराकरण की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक निर्धारित की गई है। आवेदनों की स्वीकृति अथवा अस्वीकृति पश्चात ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, नगर पलिका क्षेत्रों पर प्रकाशन कर दावा आपत्ति का ग्रामसभा, सामान्य सभा में निराकरण की अंतिम तिथि 8 मई 2023 निर्धारित की गई है। सामान्य सभा के निर्णय अनुसार पोर्टल में अद्यतीकरण 14 मई एवं अंतिम सत्यापित सूची के प्रकाशन की तिथि 15 मई 2023 निर्धारित की गई है।

## समाचार सार

### सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य गम्भीरता से करें: सीईओ

**कोरबा ।** नूतन कुमार कंवर, मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत ने 1 अप्रैल से जिले में ग्रामीण परिवारों के होने वाले सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण की प्रगति की रिपोर्टिंग एवं मॉनीटरिंग हेतु जिला स्तर पर गठित नियंत्रण सेल की समीक्षा बैठक में कहा कि सर्वेक्षण का कार्य महत्वपूर्ण है, इसलिए इस कार्य को गम्भीरता से किया जाए।

उन्होंने कहा कि जिले के सभी 412 ग्राम पंचायतों में प्रगणक सुबह 10 बजे तक अनिवार्य रूप से पहुंच जाए और प्रगणना शुरू कर दें और सर्वेक्षण फार्म में सभी आवश्यक जानकारी सावधानी से दर्ज करते हुए भरे। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण फार्म सरकारी दस्तावेज है, इसलिए इसे सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने क्षेत्र अंतर्गत संलग्न शिक्षकों, सुपरवाइजरों के मोबाइल नंबर से सतत् संपर्क में रहे। सीईओ ने निर्देशित किया कि सेल के सभी सदस्य सजग रहते हुए सर्वेक्षण कार्य निश्चित समय अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित कराएं।

बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ऋचा सिंह, सांख्यिकी अधिकारी श्री मोहन सिंह कंवर, उप संचालक पंचायत जूली तिर्की, सहायक परियोजना अधिकारी श्रीमती अमिता साहू आदि उपस्थित थी।

# कलेक्टर सिन्हा ने जिला कार्यालय के दो कर्मचारियों को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर दी भावभीनी विदाई

## सेवानिवृत्ति उपरांत दोनों कर्मचारियों के स्वीकृत देय स्वत्वों को भी किया प्रदान



जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने शाम कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर कार्यालय, रायगढ़ में पदस्थ श्रीराम अवतार यादव एवं किरीत राम राठिया को उनके अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर भावभीनी विदाई दी।**

इस मौके पर उन्होंने दोनों कर्मचारियों को शाल एवं श्रीफल देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने दोनों कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति उपरांत स्वीकृत देय स्वत्वों को भी प्रदान किया। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि शासकीय नौकरी में सभी को एक दिन सेवानिवृत्त होना ही होता है, किसी का पहले तो किसी का बाद में रिटायरमेंट होगा।

आज की नई पीढ़ी को अपनी पुरानी पीढ़ी से मार्गदर्शन लेना चाहिए, क्योंकि उनका अनुभव और व्यवहार आपके लिए मार्गदर्शक साबित होगा। कलेक्टर सिन्हा ने पूर्व में रायगढ़ जिला में पदस्थ अनुभव को साझा करते हुए कहा कि रायगढ़ जिला प्रशिक्षण के लिहाज से हमेशा बेहतर रहा है, यहां उन्होंने दोनों कर्मचारियों को अपने कार्यकाल में देखा एवं वर्तमान में एक सहयोगी के रूप में उनका व्यवहार काफी बेहतर रहा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन एक परिवार है, आपको किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर हर संभव मदद की जाएगी।

उन्होंने कहा कि ऐसे सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का सहानुभूति पूर्वक उनका पेंशन एवं अन्य प्रकरणों को निपटारा समय पर करना आवश्यक है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगडे, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर डी.आर.रात्रे, संयुक्त कलेक्टर भरत राम ध्रुव, डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर सहित जिला कलेक्टोरेट के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिले के 549 पंचायतों में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण शुरू

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार 1 अप्रेल से पूरे प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत परिवारों का सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण शुरू हो गया। जो 30 अप्रैल तक चलेगा। रायगढ़ जिले के 549 पंचायतों में भी सर्वे की शुरुआत कर दी गई।**

सर्वे में प्रगणक घर-घर संपर्क कर जानकारियां एकत्र कर रहे हैं। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा सर्वेक्षण कार्य का जायजा लेने निकले। उन्होंने रायगढ़, पुसौर और खरसिया ब्लॉक में चल रहे सर्वे का काम देखा। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा भी साथ रहे।

कलेक्टर सिन्हा पुसौर विकासखंड के ग्राम गढ़उमरिया, रायगढ़ के टारपाली और खरसिया के टेमटेमा में चल रहे सर्वे का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री सिन्हा हितग्राहियों के घर पहुंचे और प्रगणकों से



सर्वे वाले एप में एंट्री करवा कर सर्वे प्रारंभ करवाया। उन्होंने फॉर्म में भरी जाने वाली जरूरी जानकारी और दस्तावेजों का भी अवलोकन किया। कलेक्टर सिन्हा ने सभी सर्वे दलों से कहा कि आपको मिले गांवों के कुल घर के हिसाब से प्रतिदिन सर्वे का लक्ष्य तय कर उसे पूर्ण करते चलें। जिससे काम व्यवस्थित तरीके से हो। उन्होंने सभी सुपरवाइजर्स को लगातार फील्ड की मॉनिटरिंग करने के लिए कहा। जिससे यदि कहीं कोई परेशानी हो तो उससे तत्काल दूर किया जा सके। गौरतलब है कि आज से शुरू हुए सर्वेक्षण में सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण हेतु परिवार की इकाई राशन कार्ड को तथा सर्वेक्षण हेतु बेसिक डाटा खाद्य विभाग द्वारा बनाए गये राशन कार्ड की जानकारी से प्राप्त किए जाने का निर्णय लिया गया है। ऐसे परिवार, जिनके राशन कार्ड नहीं बने हैं, उनकी सूची मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत से ली जाएगी तथा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी स्थिति में उक्त परिवार सर्वेक्षण में छूटें नहीं। ग्राम पंचायत स्तर में सर्वे करने प्रगणक दल का गठन किया गया है, जिसमें 1 महिला सदस्य एवं 1 पुरुष सदस्य शामिल हैं। कार्य के सुचारू संचालन के लिए जनपद स्तर पर सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। सर्वे के दौरान सर्वेक्षित परिवार से जुड़ी जानकारी एकत्र किया जाएगा। ताकि किसी योजना के तहत दिए जाने वाले अनुदान हेतु पृथक से दस्तावेजों की मांग करने की आवश्यकता न हो।

### 30 दिनों में 944 प्रगणक दल पूरा करेंगे सर्वे

सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा। रायगढ़ जिले के सभी 7 विकासखंडों के लिए प्रगणक और सुपरवाइजर की टीमें नियुक्त की गयी है। रायगढ़ जिले के 549 ग्राम पंचायतों के लिए 944 प्रगणक दल का गठन किया गया है। कार्य की मॉनिटरिंग के लिए 124 सुपरवाइजर्स नियुक्त किए गए हैं।





# राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के नए दिशा-निर्देश जारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

राज्य शासन द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किया है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने समस्त सबंधित अधिकारियों को राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय के क्रियान्वयन हेतु जारी नवीन दिशा-निर्देश अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इस योजना के तहत ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत एवं अनुसूचित क्षेत्र के नगर पालिका क्षेत्र के भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों की पहचान कर भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों को वार्षिक आधार पर 7 हजार रूपये का आर्थिक अनुदान दिया जाता है। पूर्व में यह योजना प्रदेश के ग्राम पंचायत क्षेत्रों में वित्तीय वर्ष 2021-22 से तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 से नगर पंचायत क्षेत्रों में यह योजना लागू किया गया है। जिसके तहत रायगढ़ जिले के घरघोड़ा, लैलूंगा, धरमजयगढ़, पुसौर, किरोड़ीमलनगर नगर पंचायत और खरसिया नगर पालिका क्षेत्र में निवास करने वाले पात्र हितग्राही भी अब योजना का लाभ ले सकेंगे। गौरतलब है कि राज्य में ग्रामीण एवं नगरीय आबादी का एक बड़ा हिस्सा कृषि मजदूरी पर निर्भर है। छत्तीसगढ़ राज्य में खरीफ सत्र में ही कृषि मजदूरी के लिए पर्याप्त अवसर रहता है। रबी सत्र में फसल क्षेत्राच्छादन कम होने के कारण कृषि मजदूरी के लिए अवसर भी कम हो जाता है। कृषि मजदूरी कार्य में संलग्न ग्रामीणों में अधिकतर लघु, सीमांत अथवा भूमिहीन कृषक हैं। इसमें से भूमिहीन कृषि मजदूर को अन्य की अपेक्षा रोजगार के कम अवसर ग्राम एवं नगर पंचायत स्तर पर उपलब्ध होते हैं। राज्य शासन द्वारा ऐसे वर्ग को संबल प्रदाय करने की दृष्टि से राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना प्रारंभ किया गया है।

### हितग्राहियों से नवीन आवेदन प्राप्त कर डाटा एन्ट्री कार्य करने समय सारणी जारी

राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय के क्रियान्वयन हेतु समय-सारणी जारी किया गया है जिसके अनुसार नवीन आवेदन प्राप्त करने की तिथि 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक निर्धारित किया गया है। पोर्टल में डाटा प्रविष्टि करने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल होगी। तहसीलदार द्वारा पंजीकृत आवेदनों का निराकरण करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल, आवेदनों के स्वीकृति, अस्वीकृति पश्चात् ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका क्षेत्रों पर प्रकाशन कर प्राप्त दावा आपत्ति का ग्राम सभा, सामान्य सभा में निराकरण की अंतिम तिथि 8 मई निर्धारित की गयी है। सामान्य सभा के निर्णय अनुसार पोर्टल में अद्यतीकरण 14 मई तक तथा अंतिम सत्यापित सूची के प्रकाशन की तिथि 15 मई निर्धारित किया गया है।

### हितग्राही परिवार की पात्रता

1 अप्रैल 2023 की स्थिति में पात्रता रखने वाले छत्तीसगढ़ के मूल निवासी हितग्राही ही पात्र होंगे। केवल ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में निवासरत भूमिहीन कृषि मजदूर परिवार जिसके पास कृषि भूमि नहीं है वे हितग्राही ही पात्र होंगे। पट्टे पर प्राप्त शासकीय भूमि तथा वन अधिकार प्रमाण पत्र को कृषि भूमि माना जाएगा। ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत क्षेत्र के भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों के अंतर्गत चरवाहा, बढ़ई, लोहार, मोची, नाई, धोबी, पुरोहित जैसे-पौनी-पसारी व्यवस्था से जुड़े परिवार, वनोपज संग्राहक तथा समय-समय पर नियत अन्य वर्ग भी पात्र होंगे, यदि उस परिवार के पास कृषि भूमि नहीं है। इसके अतिरिक्त अनुसूचित क्षेत्रों के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के आदिवासियों के देवस्थल में पूजा करने वाले व्यक्ति जिन्हें पुजारी, बैगा, गुनिया, मांझी आदि नामों से जाना जाता है तथा आदिवासियों के देव स्थल के हाट पाहार्या एवं बाजा मोहरिया, कृषि भूमि धारण करने के बावजूद योजनांतर्गत पात्र होंगें। परंतु इस वर्ग के वे परिवार जो शासन से सामायिक भत्ता एवं आर्थिक सहायता अन्य योजना में प्राप्त कर रहे व्यक्ति पात्र नही होंगे। आवासीय प्रयोजन हेतु धारित भूमि कृषि भूमि नहीं मानी जाएगी। अपंजीकृत परिवारों को योजनांतर्गत अनुदान की पात्रता नहीं होगी। पंजीकृत हितग्राही परिवार के मुखिया की मृत्यु हो जाने पर उक्त परिवार द्वारा पात्रता अनुसार नवीन आवेदन योजनांतर्गत प्रस्तुत किया जाना होगा। यदि पंजीकृत हितग्राही परिवार के मुखिया के द्वारा असत्य जानकारी के आधार पर अनुदान सहायता राशि प्राप्त की गई हो, तब विधिक कार्यवाही करते हुए उक्त राशि उससे भू-राजस्व के बकाया के रूप में वसूल की जाएगी।

### योजनांतर्गत निरर्हता की श्रेणी

नगर निगम एवं नगर पालिका के रहवासी परिवार एवं व्यक्ति को इस योजना का लाभ नही मिलेगा। वे व्यक्ति जो किसी संवैधानिक पद में हो अथवा पूर्व में संवैधनिक पद धारित किये हो। वे व्यक्ति जो केन्द्र शासन, राज्य शासन के किसी भी विभाग या कार्यालय और उसकी क्षेत्रीय इकाई में अधिकारी-कर्मचारी के रूप में सेवारत है या सेवानिवृत्त हुए हैं ऐसे अधिकारी-कर्मचारी को भी लाभ नही मिलेगा। वे व्यक्ति जो केन्द्र शासन एवं राज्य शासन के अधीनस्थ निगम, मंडल, आयोग, प्राधिकरण आदि में संविदा अस्थाई-स्थाई रूप से काम करते हो उन्हें लाभ नही मिलेगा। आउटसोर्सिंग के आधार पर अथवा दैनिक वेतन पर कार्य करने वाले कर्मचारी भी निरर्हता की श्रेणी में आयेंगे। वे व्यक्ति जिन्होंने सरकार के अधीन किसी केन्द्रीय या राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) और स्वायत्त निकायों में एक अधिकारी या कर्मचारी के रूप में कार्य किया होए स्थानीय सरकारी निकायों के नियमित कर्मचारीए केन्द्र और राज्य दोनों सरकारों के वर्तमान और पूर्व मंत्री, लोकसभा और राज्यसभा के वर्तमान और पूर्व सदस्य, राज्य विधान सभा और राज्य विधान परिषदों के वर्तमान और पूर्व सदस्य, जिला पंचायत का कोई भी वर्तमान या पूर्व अध्यक्ष, जनपद पंचायत का कोई भी वर्तमान या पूर्व अध्यक्ष, ग्राम पंचायत का कोई भी वर्तमान या पूर्व सरपंच, पंच, किसी भी नगरीय ईकाई के वर्तमान या पूर्व अध्यक्ष (मेयर, अध्यक्ष, पार्षद आदि) कोई भी व्यक्ति जिसने पिछले आंकलन वर्ष (ए वाई)या उसके परिवार में आयकर दाखिल किया हो, डॉक्टर, इंजीनियर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, वकील, ऑर्किटेक्ट तथा शासन द्वारा समय-समय पर नियत अन्य कोई पेशेवर वर्ग को इस योजना का लाभ नही मिलेगा।

### हितग्राही परिवारों का पंजीयन

योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए हितग्राही परिवार को आवश्यक दस्तावेज यथा-आधार नंबर, बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ आवेदन ग्राम पंचायत क्षेत्रों में सचिव ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। अनुसूचित क्षेत्र अंतर्गत आने वाले नगर पालिका में स्थित आदिवासियों के देवस्थल में पूजा करने वाले व्यक्ति जिन्हें पुजारी, बैगा, गुनिया, मांझी आदि नामों से जाना जाता है तथा आदिवासियों के देव स्थल के हाट पाहार्या एवं बाजा मोहरिया के आवेदन मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका/नगर पंचायत के समक्ष आवेदन करेंगें। आवेदन में मोबाईल नंबर का भी उल्लेख करना होगा। हितग्राही परिवार आवेदन की पावती यथा स्थिति ग्राम पंचायत सचिव/मुख्य नगर पालिका अधिकारी से प्राप्त कर सकेगा। प्राप्त आवेदनों को ग्राम पंचायत सचिव द्वारा ग्रामवार, ग्राम पंचायतवार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्रों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत एवं अनुसूचित क्षेत्रों के नगर पालिकाओं में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगरपालिका में निर्धारित समय-सीमा के भीतर जमा करना होगा, जहाँ पोर्टल में इसकी प्रविष्टि की जाएगी। पोर्टल में की गई प्रविष्टियों का कृषि भूमिधारिता के संबंध में पुन: परीक्षण राजस्व अधिकारी (नायब तहसीलदार/तहसीलदार) द्वारा भुईयां रिकॉर्ड को आधार मानते हुए किया जाएगा। योजना अंतर्गत हितग्राही परिवारों के पंजीयन का कार्य शासन द्वारा नियत तिथि तक संबंधित जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत के कार्यालयों में प्राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के पोर्टल rggbkmny.cg.nic.in में पंजीयन कराने की जिम्मेदारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तथा नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत की होगी।

योजना अंतर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु हितग्राही परिवार के मुखिया को आवेदन के साथ आधार नंबर अनिवार्य रूप से देना होगा। हितग्राही परिवारों से आधार नंबर उनकी सहमति से प्राप्त किया जाएगा। यदि किसी हितग्राही परिवार के पास आधार नंबर नहीं है तब मैदानी अमलों के द्वारा ऐसे हितग्राही परिवारों को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) में पंजीयन हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। हितग्राही परिवारों के बैंक विवरण में त्रुटि होने पर विभाग के मैदानी अमले के द्वारा संबंधित हितग्राही परिवार से 15 दिवस के भीतर सही बैंक विवरण प्राप्त करते हुए अनुदान राशि अंतरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## जैकलीन फर्नांडिस ने फतेह का पहला शेड्यूल अमृतसर में किया पूरा



बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने अमृतसर में फतेह का पहला शेड्यूल पूरा कर लिया है। फतेह अभिनेत्री की अगली फिल्म है। जैकलीन अमृतसर में अपने हिस्से की शूटिंग कर रही थीं और शहर में फिल्म की टीम के साथ अच्छा समय बिताया। अमृतसर में शूटिंग के दौरान, अभिनेत्री अपने प्रशंसकों के लिए शहर में अपने अद्भुत समय की कुछ झलकियां लेकर आईं हैं।

जैकलीन ने उत्तर भारतीय शहर से अपनी यादों को साझा करने के लिए अपने इंस्टाग्राम का सहारा लिया। उन्होंने एक फैन से अपना स्केच प्राप्त करने, लस्सी का आनंद लेने से लेकर स्वादिष्ट पंजाबी खाना खाने तक कई चीजें साझा कीं।



## मल्टीकट स्टाइलिश आउटफिट में नुसरत भरूचा दिखीं गजब की बला, तस्वीरों पर फैंस ने लुटाया प्यार

बॉलीवुड अदाकारा नुसरत भरूचा फिल्मों के साथ ही सोशल मीडिया पर अपने हुस्न का जलवा बिखेरती रहती हैं। उनकी स्टनिंग तस्वीरें फैंस के दिलों को बेताब किए रहती हैं। एक्ट्रेस नुसरत भरूचा ने बेहद ही स्टाइलिश तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। एक्ट्रेस नुसरत भरूचा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, उनकी कातिलाना तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं।

नुसरत भरूचा ने मल्टीकट आउटफिट में शिमरी शॉर्ट आउटफिट पहन रखी है, जो फैंस के दिलों को बेताब कर रही है। नुसरत भरूचा अपनी फिल्मों के साथ साथ सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। सोशल मीडिया पर फैंस उनकी एक झलक के दीवाने रहते हैं। नुसरत भरूचा बेहद ही बोल्ड और कातिलाना नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस नुसरत भरूचा की तस्वीरें देखकर फैंस आहें भरने को मजबूर हैं, उनकी तस्वीरों पर बेशुमार प्यार लुटा रहे हैं। एक्ट्रेस अपने फैंस के लिए अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। अदाकारा के इस दिलकश अंदाज को देखकर फैंस बेकाबू हो रहे हैं। एक्ट्रेस नुसरत भरूचा की तस्वीरों पर फैंस लाइक्स और कमेंट्स की बौछार कर रहे हैं। साथ ही उनकी तस्वीरें शेयर भी कर रहे हैं।

# जैकलीन फर्नांडिस ने फतेह का पहला शेड्यूल अमृतसर में किया पूरा



बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने अमृतसर में फतेह का पहला शेड्यूल पूरा कर लिया है। फतेह अभिनेत्री की अगली फिल्म है। जैकलीन अमृतसर में अपने हिस्से की शूटिंग कर रही थीं और शहर में फिल्म की टीम के साथ अच्छा समय बिताया। अमृतसर में शूटिंग के दौरान, अभिनेत्री अपने प्रशंसकों के लिए शहर में अपने अद्भुत समय की कुछ झलकियां लेकर आईं हैं।

जैकलीन ने उत्तर भारतीय शहर से अपनी यादों को साझा करने के लिए अपने इंस्टाग्राम का सहारा लिया। उन्होंने एक फैन से अपना स्केच प्राप्त करने, लस्सी का आनंद लेने से लेकर स्वादिष्ट पंजाबी खाना खाने तक कई चीजें साझा कीं। अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने कैप्शन में लिखा, थैंक यू अमृतसर हैशटैग फतेह, अट द रेट सोनू सूद, अट द रेट जी स्टूडियो ऑफिशियल, अट द रेट वैभव मिश्रा 23, अट द रेट फतेह 4 भारत। जैकलीन ने फतेह की शूटिंग के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ समय बिताया, जिसमें सोनू सूद भी थे। एक्ट्रेस सोनू के साथ गोल्डन टेंपल भी गईं। सोनू सूद के साथ फतेह के अलावा, जैकलीन के पास विद्युत जामवाल और अर्जुन रामपाल के साथ क्रैक फिल्म भी है।

## अजय देवगन की फिल्म मैदान का टीजर जारी, इस दिन सिनेमाघरों में होगी रिलीज

बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन की मचअवेटेड स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म मैदान का टीजर आखिरकार रिलीज हो गया। ये फिल्म काफी पहले से ही चर्चा में हैं। फिल्म की रिलीज डेट में भी काफी बार बदलाव आया।




लंबे इंतजार के बाद आखिरकार ये फिल्म अब थियेटर का रुख करने के लिए हुंकार भर रही है। बोनी कपूर के प्रोडक्शन बैनर तले बनी इस फिल्म में अजय देवगन एक फुटबॉल कोच की भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी आजादी के बाद देश में स्पोर्ट्स की हालत और फुटबॉल गेम की कहानी पर आधारित है। इस फिल्म में अजय देवगन लीड रोल में है। साथ ही उनके साथ साउथ फिल्म एक्ट्रेस प्रियामणि राज भी अहम किरदार में दिखेंगी। फिल्म में गजराज राव भी अहम किरदार निभाते हुए दिखने वाले हैं। बता दें कि इस फिल्म को मेकर्स 23 जून 2023 के दिन रिलीज करने वाले हैं। फिल्म मैदान की कहानी इंडियन फुटबॉल के स्वर्णिम दौर की कहानी बयां करती हैं। ये एक बायोग्राफिकल स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है।

## नुपूर सेनन का रवि तेजा के साथ तेलुगू में डेब्यू, पैन इंडिया 20 अक्टूबर को प्रदर्शित होगी

कृति सेनन की बहन नूपुर सेनन रवि तेजा की फिल्म टाइगर नागेश्वर राव के साथ तेलुगू फिल्म उद्योग में कदम रखने जा रही हैं। रवि तेजा की यह फिल्म पैन इंडिया प्रदर्शित होगी। यह फिल्म 20 अक्टूबर, 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। हिन्दी में प्रदर्शित हुई रवि तेजा की पिछली फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं दिखा पाई हैं, हालांकि दक्षिण भारतीय भाषाओं में इन फिल्मों ने जबरदस्त कमाई की थी।

हाल ही में दिए इंटरव्यू में नुपूर सेनन ने रवि तेजा की तारीफ की। बॉलीवुड लाइफ से बात करते हुए नुपूर बोलीं- अब तक




जिन भी लोगों से मैं मिली हूं, रवि उनमें से सबसे ज्यादा विनम्र हैं। मैं जब भी सेट पर जाती हूं, मुझे वो दुनिया देखकर बहुत अच्छा लगता है जो रवि ने सेट पर क्रिएट की है। ये बहुत ही बढ़िया है। जब आप फिल्म देखेंगे तो समझ जाएंगे। रवि तेजा की हिंदी बढ़िया है। नूपुर ने कहा- रवि कई बॉलीवुड एक्टर्स से भी बेहतर हिंदी बोल लेते हैं। वो मेरी काफी मदद करते हैं। रवि बिलकुल डाउन टू ए अर्थ रहते हैं। मेरे पास तेलुगु में डायलॉग आते थे। जितना हो सका उन्होंने मेरे लिए इसे इतना आसान

## खेल

श्रीलंका को 44 साल बाद क्वालिफायर खेलना पड़ेगा

## न्यूजीलैंड से तीन मैच की वनडे सीरीज 0-2 से हारा श्रीलंका, जिम्बाब्वे में वनडे वर्ल्ड कप के क्वालिफायर मैच खेलेगा श्रीलंका

*तीसरे वनडे में न्यूजीलैंड से हारने के बाद श्रीलंका का सीधा वर्ल्ड कप खेलने का सपना भी टूट गया। न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की वनडे सीरीज को 2-0 से जीत लिया है। हारने के बाद श्रीलंका रैंकिंग में टॉप-8 में आने की रेस से पिछड़ गई है और इस तरह उन्हें अब वर्ल्ड कप के मुख्य टूर्नामेंट में क्वालिफाई करना पड़ेगा।*




क्वालिफाइंग टूर्नामेंट जिम्बाब्वे में होगा। जहां वो अन्य टीम के साथ क्वालिफाई मुकाबले में नजर आएगी। श्रीलंका के इतिहास में उन्हें आईसीसी द्वारा मान्यता (1981) मिलने के बाद पहली बार क्वालिफाइंग टूर्नामेंट खेलना होगा।

आखिरी बार पूर्व चैम्पियन श्रीलंका को 1979 के बाद पहली बार वर्ल्ड कप खेलने के लिए क्वालिफाइंग टूर्नामेंट खेलेगी।श्रीलंका के कप्तान शनाका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला लिया। हालांकि, श्रीलंका के बल्लेबाजों ने टीम को निराश किया और केवल 157 रन ही बना पाई। श्रीलंका की ओर से पथुम निशंका ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाएं। निशंका के अलावा कोई बल्लेबाज 50 का आंकड़ा पार नहीं कर पाया। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों ने श्रीलंका के 9 विकेट अपने नाम किए। मैट हेनरी, हेनरी सिप्ली और डेरिल मिचेल को 3-3 विकेट मिले।

टारगेट का पीछा करने आई न्यूजीलैंड ने भी 59 के स्कोर पर



4 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद निकोल्स (44*) और विल यंग (86*) की 100* रन की साझेदारी ने न्यूजीलैंड को 33वें ओवर में जीत दिलाई।के बल्लेबाजों ने टीम को निराश किया और केवल 157 रन ही बना पाई। श्रीलंका की ओर से पथुम निशंका ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाएं। निशंका के अलावा कोई बल्लेबाज 50 का आंकड़ा पार नहीं कर पाया। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों ने श्रीलंका के 9 विकेट अपने नाम किए। मैट हेनरी, हेनरी सिप्ली और डेरिल मिचेल को 3-3 विकेट मिले। टारगेट का पीछा करने आई न्यूजीलैंड ने भी 59 के स्कोर पर 4 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद निकोल्स (44*) और विल यंग (86*) की 100* रन की साझेदारी ने न्यूजीलैंड को 33वें ओवर में जीत दिलाई।

### एक नजर

## IPL में पंत और बुमराह के रिप्लेसमेंट घोषित

### दिल्ली कैपिटल्स ने अभिषेक पोरेल, मुंबई इंडियंस ने संदीप वॉरियर को किया शामिल




दिल्ली कैपिटल्स ने चोटिल ऋषभ पंत की जगह पर अभिषेक पोरेल और मुंबई इंडियंस ने जसप्रीत बुमराह की जगह संदीप वारियर को टीम में शामिल किया है। दिल्ली ने 20 साल के विकेटकीपर पोरेल को शामिल किया है। पोरेल ने हाल ही में अपना घरेलू करियर शुरू किया है। पोरेल 20 लाख रुपये में दिल्ली कैपिटल्स में शामिल हो गए हैं। वहीं मुंबई ने संदीप वारियर को 50 लाख रुपये में टीम में जगह दी है।

### पोरेल का क्रिकेट करियर

पोरेल को असली पहचान पिछले रणजी ट्रॉफी में मिली। रणजी ट्रॉफी में उन्होंने कुछ अर्धशतक लगाए है। हालांकि विकेटकीपिंग में उन्होंने खासा प्रभावित किया। पोरेल ने अभी तक सिर्फ 3 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें 22 गेंदों में कुल 22 रन बनाए हैं। वहीं 16 फर्स्ट क्लास मैचों में 6 अर्धशतक समेत 695 रन बनाए हैं। पोरेल ने 58 कैच और 8 स्टंपिंग की हैं।

## आरसीबी को शुरुआती सात मैचों नहीं मिलेगा हेजलवुड का साथ

**मेलबर्न।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड एडी की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के पहले चरण में नहीं खेल पाएंगे। हेजलवुड 14 अप्रैल को भारत आएंगे लेकिन वह महीने के तीसरे सप्ताह तक ही पूर्ण फिटनेस हासिल कर पायेंगे। ऐसे में टीम को शुरुआती सात मैचों में उनके बिना मैदान पर उतरना होगा। उनके ऑस्ट्रेलियाई साथी ग्लेन मैक्सवेल का दो अप्रैल को बेंगलुरु में मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के शुरुआती मैच में खेलना संदिग्ध है। वह पैर में फ्रैक्चर से उबर गये है लेकिन मैच फिटनेस हासिल नहीं कर सके है। हेजलवुड ने कहा, सब कुछ योजना के अनुसार चल रहा है, इसलिए मैं 14 तारीख (अप्रैल) को जाऊंगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि मेरे लिए अगले दो सप्ताह कैसे रहते है। उन्होंने कहा, मैं शायद उस समय मैच खेलने के लिए तैयार ना रहूं लेकिन उम्मीद है कि वहां पहुंचने के बाद एक सप्ताह के अंदर पूर्ण फिटनेस हासिल कर लूंगा। हेजलवुड को इस चोट के कारण भारत में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से बाहर होना पड़ा था। वह आईपीएल के जरिये एशेज की अपनी तैयारी को मजबूत करने की कोशिश करेंगे। इस 32 वर्षीय तेज गेंदबाज को हालांकि अभी तक भारत रवाना होने के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से चिकित्सा अनापत्ति पत्र नहीं मिला है।




IPL में गुजरात से लगातार तीसरा मैच हारी चेन्नई

## सीजन के पहले मुकाबले में टाइटंस ने 5 विकेट से हराया, गिल ने बनाए 63 रन

**अहमदाबाद।** डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के 16वें सीजन में जीत से शुरुआत की है। टीम ने 4 बार की विजेता चेन्नई सुपर किंग्स को रोमांचक मुकाबले में 5 विकेट से हराया। यह गुजरात की चेन्नई पर लगातार तीसरी जीत है। टीम को आखिरी ओवर में 8 रनों की जरूरत थी। जिसे डिफेंडिंग चैंपियन ने 4 बॉल रहते हासिल कर लिया। राहुल तेवतिया ने विजयी चौका जमाया।



**गिल का 15वां अर्धशतक**
रन- 63 | गेंद-36 | स्ट्राइक रेट- 175.00 | 4/6- 6/3

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शुक्रवार रात गुजरात के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। चेन्नई सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 178 रन बनाए। 179 रनों का टारगेट गुजरात टाइटंस ने 19.2 ओवर में 5 विकेट पर हासिल कर लिया। राशिद खान प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। उन्होंने चार ओवर में 26 रन देकर 2 विकेट लिए। पहले बैटिंग करने उतरी चेन्नई के ओपनर ऋतुराज गायकवाड ने सबसे ज्यादा 92 रन बनाए। मोइन अली ने 23 रन बनाए। मिडिल ऑर्डर पर शिवम दुबे ने 19 और कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने नाबाद 14 रन बनाए। जवाबी पारी में गुजरात के ओपनर शुभमन गिल ने 36 बॉल पर 63 रन बनाए। फिर विजय शंकर ने 27 रन की टिकाऊ पारी खेली।

रेलवे हॉकी चैम्पियनशिप में भुवनेश्वर विजेता

## RCF कपूरथला को 2-1 से हराकर जीती ट्रॉफी; देश भर से 8 टीमों ने लिया भाग

**कपूरथला।** पंजाब के कपूरथला में रेल कोच फैक्टरी के सिंथेटिक टर्फ हॉकी स्टेडियम में हुई 80वीं ऑल इंडिया रेलवे पुरुष हॉकी चैम्पियनशिप ईस्ट कोस्ट रेलवे भुवनेश्वर की टीम ने अपने नाम कर ली है। फाइनल में ईस्ट कोस्ट रेलवे भुवनेश्वर की टीम ने ऋष्स्न कपूरथला को 2-1 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर किया है। इससे पहले साउथ सेंट्रल रेलवे सिकंदराबाद ने सेंट्रल रेलवे मुंबई को 5-1 से शिकस्त देकर कांस्य पदक अपने नाम कर लिया। आरसीएफ में इस चैम्पियनशिप की नॉक आउट स्टेज खेली गई और इसमें समस्त रेलवे से आठ टीमों ने भाग लिया। अमित रोहिदास व अन्य कई अंतरराष्ट्रीय




खिलाड़ियों ने इस चैम्पियनशिप में अपने खेल के जौहर दिखाए।

चैम्पियनशिप में मेजबान रेल कोच फैक्टरी कपूरथला सहित ईस्ट कोस्ट रेलवे भुवनेश्वर, साउथ वेस्टर्न रेलवे हुबली, इंटीग्रल कोच फैक्टरी चेन्नई, साउथ सेंट्रल रेलवे सिकंदराबाद, वेस्टर्न रेलवे मुंबई, साउथ ईस्टर्न रेलवे कोलकाता और सेंट्रल रेलवे मुंबई की टीमों ने भाग लिया।

मैच की समाप्ति पर पुरस्कार वितरण समारोह हुआ जिसकी अध्यक्षता आरसीएफ के तरू अशेष अग्रवाल ने की। श्री अग्रवाल ने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि समस्त खिलाड़ियों ने सभी मैचों में बहुत उच्च कोटि के खेल का प्रदर्शन किया।

# सर्वे में हो सबकी सहभागिता,कोई परिवार छूटने न पाएं-कलेक्टर संजीव कुमार झा

* छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 प्रारंभ कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर सर्वे का किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

शासन की विभिन्न योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करने के लिए 1 अप्रैल से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2023-24 के पहले दिन छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ हो गया है। कोरबा जिले में कलेक्टर संजीव कुमार झा के दिशानिर्देश में सभी विकासखण्डो में सर्वेक्षण टीम गांव-गांव जाकर घरों में सर्वे कर निर्धारित प्रपत्र और एप्प में जानकारी भर रही है। कलेक्टर झा ने एसडीएम और जनपद सीईओ के साथ जाकर स्वयं भी फील्ड में सर्वे कार्य को देखा और सर्वे कर रहे प्रगणकों को निर्देशित किया कि सर्वे में कोई भी परिवार छूटे न और सर्वे में सभी शामिल हो। सर्वे के दौरान मकानों का नम्बर ऑयल पेंट से मोटे अक्षरों में लिखा जाए ताकि यह जल्दी ही न मिटे। उन्होंने कहा कि सर्वे किए गए परिवार के मुखिया का फोटो मकान नम्बर के साथ लिया जाए। सर्वे प्रपत्र में मुखिया का हस्ताक्षर या अंगूठा



अनिवार्यता लिया जाए। कलेक्टर झा ने सर्वे कार्य में समय की बचत और ग्रामीणों की उपस्थिति के लिए गांव में पहले से मुनादी कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने प्रगणकों का मार्गदर्शन करते हुए ग्रामीणों की सहभागिता पर जोर दिया। कलेक्टर ने शासन की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए इस सर्वे को महत्वपूर्ण बताया। कलेक्टर झा ने कोरबा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम कुदुरमाल, देवरमाल, कटबितला और उरगा में जाकर सर्वेक्षण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे सर्वे कार्य को बहुत ही सावधानी और गंभीरता से करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रगणक दलों को पूरी गंभीरता से त्रुटि रहित सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने

* कलेक्टर ने ग्रामीणों को सर्वेक्षण में सहभागिता के लिए किया प्रोत्साहित

* जिले के सभी विकास खंड में सर्वे टीम जाकर कर रही कार्य

सर्वेक्षण के लिए वार्ड पंचों की जिम्मेदारी, मकानों का नंबरिंग, सर्वेक्षण की प्रक्रिया, मोबाइल एप, पोर्टल में ऑनलाइन एंट्री एवं मैनुअल एंट्री के बारे में आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में किसी प्रकार की चूक न की जाए। कलेक्टर ने राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों का सर्वे कार्य में सहयोग लेने के निर्देश भी दिए। ग्राम कटबितला में कलेक्टर ने सरपंच रामाधार कंवर से चर्चा करते हुए पंच और मितानिनों को इस कार्य में सहयोग देने तथा मुनादी के लिए कहा।उन्होंने प्रगणकों को कार्य में किसी तरह की परेशानी आने पर सुपरवाइजर या उच्च अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों से चर्चा की और सर्वे टीम के आने पर अपनी जानकारी साझा करने कहा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सीमा पात्रे, जनपद सीईओ विकास चौधरी, डिप्टी कलेक्टर रुचि शार्दूल, बीईओ संजय अग्रवाल, तहसीलदार आदि उपस्थित थे।

## कलेक्टर के निर्देशन में अपर कलेक्टर और एसडीएम कर रहे निरीक्षण

कलेक्टर के निर्देशन में जिले के सभी पांच विकासखंड में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य अपर कलेक्टर, एसडीएम, जनपद सीईओ और तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी सर्वे कार्य का निरीक्षण और मॉनिटरिंग कर रहे हैं। प्रगणकों की टीम घर-घर जाकर सर्वे कर रही है। कलेक्टर



द्वारा सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया है कि वे सर्वे कार्य सावधानी से सम्पन्न करायें। उन्होंने घरों में ऑयल पेंट से मोटे अक्षरों में नम्बरिंग करने, प्रपत्र के अलावा रजिस्टर में एंट्री कर जानकारी दर्ज करने, राजीव युवा मितान क्लब के युवाओं,सरपंच, पंच, मितानिनों से सहयोग लेने, गांव में सर्वे कार्य से पूर्व मुनादी कराने, राशनकार्ड, आधारकार्ड आदि दस्तावेज के आधार पर व्यक्ति की वास्तविक जानकारी को प्रपत्र में दर्ज करने, घरों के नम्बरिंग के साथ व्यक्ति का फोटो लेने, एप्प के अलावा हार्डकॉपी में जानकारी दर्ज करने आदि निर्देश दिए। अपर कलेक्टर विजेन्द्र कुमार पाटले द्वारा सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य का ग्राम पंचायत धवईपुर विकास खंड कटघोराए कांजीपानी और विकासखंड पाली का निरीक्षण किया गया। उन्होंने प्रगणकों से सर्वे की पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली और उन्हें आ रही समस्या का समाधान किया। अपर कलेक्टर ने सरपंचों को इसकी व्यापक मुनादी कराकर प्रचार-प्रसार कराने के लिए कहा ।

## एक नजर

### कलेक्टर ने दुलदुला विकास खंड के जामटोली पहुंचकर छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण किया

सर्वे टीम को सही सही जानकारी भरने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरानगर।



कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने आज दुलदुला विकास खंड के ग्राम जामटोली पहुंचकर छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वे टीम को घर घर जाकर सही जानकारी अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। लोगों से पूछकर सही जानकारी फ र्मेट में भरने के लिए कहा है।

### पत्थलगांव से डुमरबहार के सड़क निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण किया जा रहा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरानगर।



कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारीयों को पत्थलगांव सड़क निर्माण कार्य को तेजी से करने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में पत्थलगांव से डूमरबहार एन एच 43 सड़क निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण किया जा रहा है।

### रोजगार मेला में होगी स्वास्थ्य विभाग के रिक्त पदों में भर्ती

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कलेक्टर दर पर भर्ती (89 दिवस अवधि)हेतु विकासखण्ड तमनार रायगढ़ में 4 अप्रैल को आयोजित रोजगार मेला में स्वास्थ्य विभाग से फीडिंग डिमांस्ट्रेटर, आप्टीमेट्रिस्ट, डेन्टल असिस्टेंट व सेक्रेटरीयल असिस्टेंट के एक-एक पदों पर भर्ती की जाएगी। योग्यता संबंधी अधिक जानकारी के लिए जिले की वेबसाईट www.raigarh.gov.in में अवलोकन कर सकते है।

### स्वास्थ्य विभाग : वॉक इन इंटरव्यू पश्चात परिणाम घोषित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत विभिन्न पदों पर 27 मार्च 2023 को लिए गए वॉक इन इंटरव्यू के परिणाम सूची कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ में चस्पा किया गया है। आवेदक कार्यालयीन दिवस एवं समय पर सूची का अवलोकन कर सकते है।

# मेगा हेल्थ कैम्प में 332 गंभीर मरीजों को एम्स रायपुर रेफर किया गया

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरानगर।

विगत दिवस 28 मार्च को जिला प्रशासन और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर संयुक्त तत्वाधान में जिला अस्पताल परिसर में मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया था। रायपुर से 15 डॉ.के साथ कुल 26 लोग की टीम जशपुर पहुंचे थे और दूरस्थ अंचल के गंभीर मरीजों का इलाज किया गया था रायपुर एम्स के डाक्टरों की टीम ने कुल 332 गंभीर मरीजों का चिन्हांकन करके एम्स रायपुर रेफर किया गया। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने सभी गंभीर मरीजों का इलाज प्राथमिकता से करवाने के



**कलेक्टर ने चिन्हांकित क्लब फूड, थायराइड के मरीज स्तन कैंसर के मरीज ह्रदय रोग लीवर से प्रभावित मरीजों का इलाज करवाने के निर्देश दिए**

निर्देश मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को दिए हैं। उन्होंने बताया कि मेगा हेल्थ कैम्प में बच्चों के क्लब फूड हाथ पैर टेढ़े मेढे, थायराइड के मरीज स्तन कैंसर के मरीज, किडनी के मरीज लीवर के मरीजों का चिन्हांकन किया गया है। जिन्हें एम्स रायपुर में इलाज किया जाएगा कलेक्टर ने कहा गंभीर मरीजों के इलाज के लिए जिला प्रशासन पूरा सहयोग प्रदान करेगी उन्होंने ऐसे मरीज जिन्हें इलाज की विशेष आवश्यकता वे स्थानीय एसडीएम और विकास खंड चिकित्सा अधिकारियों से सम्पर्क कर सकते हैं। ताकि प्रशासन उनकी ईलाज करवाने में सहयोग दे सके।

# कलेक्टर दुलदुला विकासखंड ग्राम केंदपानी का निरीक्षण करके महुआ चुनने की विधि की जानकारी ली

गर्मी के मौसम में ग्रामीणजन आधुनिक पद्धति से पेड़ों में नेट जाली लगाकर महुआ चुनने का कार्य कर रहे

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरानगर।

गर्मी का मौसम आ चुका है ऐसे में जशपुर जिले के ग्रामीणजन महुआ चुनने का कार्य तेजी से कर रहे हैं। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने आज दुलदुला विकासखंड के ग्राम केंदपानी का निरीक्षण किया और ग्रामीण जनों द्वारा आधुनिक पद्धति का उपयोग कर महुआ चुनने की विधि की जानकारी ली। आपको बता दें कि दूरस्थ अंचल के गांव वासियों ने महुआ चुनने के लिए पतले जाली का उपयोग कर रहे हैं।

कलेक्टर ने उनसे चर्चा करके विधी की जानकारी ली। ग्रामीणों



ने बताया कि पेड़ों में जाली लगाकर महुआ चुनने से महुआ पेड़ के नीचे नहीं गिरता है। जिससे उनको महुआ चुनने में आसानी होती है। साथ ही महुआ जाली में ही अटक जाता है। और महुआ खराब भी नहीं होता है। युवा वैज्ञानिक समर्थ जैन ने बताया कि महुआ से महुआ एनर्जी कैंडी, महुआ एनर्जी बार, महुआ कुकीज, महुआ लड्डू, महुआ प्रोटीन चक्की, महुआ एनर्जी शॉट्स और महुआ प्रोटीन पुटका भी बनाया जा रहा है।

# सुपोषण के नोडल अधिकारी अपने चिन्हांकित गांव पहुंचकर पालकों को कर रहे जागरूक

सुपोषण चौपाल में कुपोषित बच्चों को अंडा दूध,केला हरी साग सब्जी खिचड़ी, हलवा और पोष्टिक आहार की दे रहे जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरानगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में जिले में कुपोषण के स्तर में कमी लाने, 0.5 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराने, जनभागीदारी को बढ़ावा देने और एनीमिया मुक्त अभियान को सफ ल बनाने सुपोषण चौपाल कार्यक्रम का आयोजन जिला स्तर पर किया जा रहा है। जिला स्तरीय 50 अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। अधिकारियों द्वारा अपने चिन्हांकित गांव गांव में जाकर सरपंच पंच जनप्रतिनिधियों, पर्यवेक्षक, एनएमए मितानिन की उपस्थिति



में सुपोषण चौपाल लगाकर बच्चों के पालकों को जागरूक किया जा रहा है। उन्हें बताया जा रहा है कि कुपोषित बच्चों को पतला आहार न दे उन्हें भोजन में गाढ़ा और मुलायम भोजन देने के लिए कहा है। भोजन में आयोडीन नमक का ही उपयोग करने के लिए कहा है। प्रतिदिन कम से कम एक पका हुआ मौसमी फल थोड़ा थोड़ा खिलाने के कहा गया अधिकारियों ने पालकों को समझाइश देते हुए बताया कि बच्चों को खाना खिलाने से पहले हाथ और बर्तन



**बच्चों को खाना खिलाने से पहले अपने हाथ और खाने के बर्तन साफकरने की दी गई समझाइश**

को अच्छी से तरह से साफ करना चाहिए। बच्चों को हमेशा ताजा नाश्ता और भोजन दें। रेडी टू ईट, खिचड़ी और हलवा भी सप्ताह में देने के लिए कहा। अंडा दूध नियमित बच्चों को देना चाहिए। सब्जी में हरी साग सब्जी का ज्यादा उपयोग करने के लिए कहा है। अधिकारियों ने पालकों को बताया कि कुपोषित बच्चों को एनआर सी सेंटर में अनिवार्य रूप से भर्ती करें।

# खेल को खेल भावना से खेले.राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल

*मंत्री ने कृषि विभाग के मिलेट्स कप का किया शुभारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

**मुख्य अतिथि राजस्व आपदा प्रबंधन,पंजीयन पुनर्वास एवं स्टाम्प मंत्री जय सिंह अग्रवाल ने आज प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम में कृषि विभाग अंतर्गत आयोजित किए जा रहे मिलेट्स कप खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि खेल को खेल भावना से खेला जाना चाहिए।**

कोरबा की पहचान एक औद्योगिक जिला के साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी है। यहां उपलब्ध सुविधाओं और खेल





मैदानों की वजह से ही खेल का माहौल अनुकूल है। राजस्व मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश का लगातार विकास हो रहा है। उन्होंने अपने घोषणाओं के अनुरूप कार्य किया। इससे खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर भी खिलाड़ियों को मिल रहा है। अग्रवाल ने कृषि विभाग द्वारा आयोजित मिलेट्स कप से विभाग के साथ कोरबा का नाम बढ़ने की बात कहते हुए प्रतियोगिता को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करने की बात कही। इस अवसर पर नगर पालिक निगम के महापौर राजकिशोर प्रसाद भी उपस्थित थे। राजस्व मंत्री और महापौर ने मिलेट्स कैलेंडर, पोस्टर का विमोचन भी किया। उन्होंने मैदान में बल्लेबाजी और बॉलिंग कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारी मनोज कुमार चौहान संयुक्त संचालक और उप संचालक अजय अनन्त ने मिलेट्स के संबंध में जानकारी देते हुए इनके फायदे को बताया। उन्होंने कृषि विभाग द्वारा संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम मिलेट्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने की बात कही। इस दौरान कृषि विभाग के सभी अधिकारी उपस्थित थे।





# कांसा निकालना माने करेजा निकालने जैसा कठिन कार्य फिर ये क्या हो गया

* अल्लु खल्लु संगठन का काम नहीं प्रदेश के सभी सड़को पर रथ दौड़ा दे, टनो टन धातु का संग्रह कर ले

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना ने जब कांसा दान अभियान चलाने का निर्णय लिया तो षड़यंत्रकारियों के बांछे खिल गई। मन ही मन मुस्कुराने लगे कि आखिर इन लोग को कोई कांसे क्यों देगा। लेकिन संगठन के हजारों रणबांकुर मैदान में उतर चुके है और ऐसा प्रदर्शन कर रहे है जो छग के इतिहास में कभी नहीं हुआ और इसका कारण है छत्तीसगढ़िया समाज का जागरुकता और संगठन के लड़ाकु सेनानियों का समर्पण । लोग अब समझ रहे है कि जाति जाति में नही बटना है । संगठन के लोग जब रथ लेकर निकलते है तो आदिवासी समाज के अतिरिक्त अन्य लोगों का सबसे बड़ा सवाल यही होता है



**8 अप्रैल को षड़यंत्रकारियों की आंखे चौंधिया जायेगी हजारों हजार घर से निकले पंचरतन धातु देखकर**

कि बुढ़ादेव तो आदिवासी समाज का है तो हम क्यो कांसा दान करे। लेकिन सेनानियों द्वारा यहा परदेशियों के षड़यंत्र को बताया जाता है तो सभी लोग मुक्त कंठ से दान करने लगते है। दुसरी महत्वपुर्ण बात कि प्रदेश के हर सड़क पर रथ दौड़ रहा है। सुर्खियों में है लेकिन प्रिंट इलेक्ट्रानिक मीडिया में कवरेज के नाम पर खाली नेग लेकिन संगठन का कान्फिडेंस देखिये अपन हाथ जगन्नाथ और संदेश पहुचा चुके है करोड़ों छत्तीसगढ़ियों तक कि अब बस, नवा बिहान होने को है।

# छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. चौलेश्वर चंद्राकर के नेतृत्व में आयोजित पिछड़ा वर्ग कांग्रेस की प्रदेश स्तरीय बैठक में 10 बिन्दुओं पर राजनीतिक प्रस्ताव पारित

जोहार छत्तीसगढ़–रायपुर।




राजीव भवन में आहूत पिछड़ा वर्ग कांग्रेस की प्रदेश स्तरीय बैठक में आज पिछड़े वर्ग कांग्रेस के नेता प्रदेशभर से जुटे हुए थे। जहां पिछड़ा वर्ग समुदाय के कई विधायकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर साफसंकेत दे दिया है कि आने वाले दिनों में पिछड़े वर्ग को लेकर किसी तरह की गलतफ्हमी में बीजेपी ना रहे। आज बैठक में पहली बार यह देखा गया कि 10 बिंदुओं में एक राजनीतिक प्रस्ताव लाकर उसे सर्वसम्मति से पास किया गया। जिसमें कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को सम्मिलित किया गया है खासकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किए जा रहे कार्यों को शहर से लेकर गांव-गांव तक पहुंचाने और पंचायत स्तर में भी इस वर्ग का प्रतिनिधि नियुक्त करने की बात कही गई है।

## छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कांग्रेस का राजनैतिक प्रस्ताव

* मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा पिछड़े वर्गों के लिए पिछले साडे 4 सालों में छत्तीसगढ़ के लिए लाई गई विभिन्न योजनाओं को पंचायत स्तर तक पहुंचाने का कार्य पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के पदाधिकारी करेंगे।
* छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कांग्रेस ने तय किया है कि इस वर्ग के पदाधिकारी अब पंचायत स्तर में भी अंतिम व्यक्ति तक कांग्रेस पार्टी की विचारधारा एवं सरकार की योजनाओं को पहुंचाने प्रतिनिधि नियुक्त कर उनके माध्यम से सक्रिय होगी।
* भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिस तरह से हमारे नेता राहुल गांधी को टारगेट कर सताने का प्रयास किया जा रहा है और वोट बैंक की राजनीति के उद्देश्य से भाजपा पिछड़े वर्ग को इसमें समाहित कर रही है इस बात को विस्तार पूर्वक शहर से लेकर गांव के लोगों तक पहुंचाने जन अभियान चलाया जाएगा।
* भारतीय जनता पार्टी को मुंहतोड़ जवाब देने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पिछड़े वर्ग के उत्थान को लेकर जिस तरह से छत्तीसगढ़ से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक इस वर्ग की पहचान व उनकी महत्ता को प्रतिपादित किया है। उसे प्रदेश भर में प्रचारित करने का कार्य पिछड़ा वर्ग कांग्रेस करेगी।
* मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यप्रणाली पिछड़े वर्ग को को उपकृत करने के उद्देश्य से प्रदेश स्तर में हम पूरी तरह सफ ल तो हैं परंतु लोकसभा के चुनावों में इसका लाभ क्यों नहीं मिल पाता पर भी विस्तृत रिसर्च किया जाएगा।
* पिछड़ा वर्ग कांग्रेस इस बात पर भी गहन विचार विमर्श के साथ कार्य करेगी की पिछड़े वर्ग के लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ समुचित मिल रहा है या नहीं और भविष्य में किस तरह की अन्य योजनाओं पर भी कार्य होना चाहिए पर चर्चा करेगी।
* कांग्रेस पार्टी के सर्वमान्य नेता राहुल गांधी द्वारा देश हित में उठाए जा रहे मुद्दों के चलते घबराहट में भाजपा किस तरह के हथकंडे अपनाकर अपना राजनीतिक हित साधने के साथ लोगों को गुमराह कर रही है पर भी पिछड़ा वर्ग कार्य करेगी।
* छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कांग्रेस उपरोक्त कार्य योजनाओं को मूर्त रूप देने शहर से लेकर पंचायत स्तर पर जगह जगह बैठकें आयोजित कर ब्लॉक स्तर में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करेगी।
* प्रदेश में भूपेश सरकार द्वारा पिछड़े वर्ग के लोगों को नौकरियों में एवं अन्य सरकारी योजनाओं में लाभ देने जनसंख्या के आधार पर जिस तरह से आरक्षण का निर्धारण किया है। जिसका लाभ इस वर्ग को न मिले को लेकर भाजपा प्रदेश में किस तरह का षड्यंत्र कर रही है को भी जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।
* पिछड़ा वर्ग कांग्रेस मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को इस वर्ग के मसीहा के रूप में प्रस्तुत करने गांव गांव तक प्रचार प्रसार करेगी। ताकि उनके चेहरे के सामने किसी अन्य पार्टी का नेता यह साबित करने सफ्ल ना हो सके की उनके पास भी इस वर्ग के लिए कोई चेहरा है।

*बैठक में उपरोक्त 10 मुद्दों को लेकर समस्त वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं व पदाधिकारियों की उपस्थिति में राजनीतिक प्रस्ताव पास किया गया। ओबीसी कांग्रेस के नेतृत्व में मानव श्रृंखला बनाकर राहुल गांधी के समर्थन में प्रदर्शन किया। टर्निंग पॉईंट शंकर नगर चौक में झंडा लेकर नारे बाजी कर मोदी सरकार के विरूद्ध ओबीसी के साथियों ने विरोध किया है। साथ ही चरणबद्ध तरीका से ब्लॉक स्तर से लेकर जिल स्तर तक आंदोलन ओबीसी कांग्रेस के द्वारा किया जायेगा। विधायक द्वय धनेन्द्र साहू, संगीता सिन्हा, ममता चंद्राकर, पूर्व विधायक चुन्नी लाल साहू, पूर्व सांसद छाया वर्मा, सीमा वर्मा, द्वारिका साहू ने भी संबोधित किया। प्रभारी महामंत्री नचिकेता जायसवाल ने आभार व्यक्त किया।*

## एक नजर

### आज प्रदेशभर से हजारों की संख्या में पूर्ण पुरानी पेंशन सिस्टम के लिए जुटेंगे- शिक्षक एल बी संवर्ग

जोहार छत्तीसगढ़–बलौदाबाजार।



कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन पलारी के सयोजक देवेन्द्र साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आधे से अधिक शासकीय कर्मचारी शिक्षक एलबी संवर्ग को पूर्ण पुरानी पेंशन सिस्टम के लाभ से वंचित रखकर कांग्रेस पार्टी द्वारा पूरे देश में ओपीएस का ढिंढोरा पीटना ढोल के पोल जैसा है। पुरानी पेंशन सिस्टम के पूर्ण लाभ से वंचित होने के कारण शिक्षक एलबी संवर्ग के सभी संगठन के हजारों स्व प्रेरित साथी 2 अप्रैल दिन रविवार को डॉ. अंबेडकर भवन, देवेंद्र नगर, रायपुर में एकत्रित होकर विस्तृत चर्चा परिचर्चा कर एक टीम बनाकर मुख्यमंत्री एवं कैबिनेट मंत्रियों से मिलकर अपनी मांग रखने की पहल की जावेगी साथ ही इसके कानूनी पहलू पर और पूर्व में माननीय सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के निर्णय और उसमें शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए संभावनाओं पर भी विचार विमर्श किया जाएगा। महापंचायत में शिक्षक एलबी संवर्ग के सभी संगठन के प्रांत अध्यक्ष गण एवं पदाधिकारी साथ ही अन्य कर्मचारी संगठन के प्रांत अध्यक्ष गण शामिल होंगे । प्रदेशभर से सभी संकुल,विकासखंड और जिले से भारी संख्या में शिक्षक एलबी संवर्ग के साथी जुटेंगे साथ ही मध्य प्रदेश, राजस्थान, झारखंड से भी प्रांत स्तर के पदाधिकारी शामिल होंगे। उक्त कार्यक्रम की जानकारी कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन पलारी के सयोजक देवेन्द्र साहू ने दिया है।

### शहर को कचरा मुक्त शहर बनाने नगरपालिका क्षेत्र में मशाल रैली का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरानगर।



भारत सरकार आवासन एवं शहरी मंत्रालय के निर्देश पर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित स्वच्छ उत्सव 2023 के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन पूरे देश भर मे किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद जशपुर नगर में 31 मार्च 2023 को शहर को कचरा मुक्त शहर बनाने एवं जन जागरूकता के लिए जीरो वेस्ट मोबाइल लाइट एवं टॉर्च मशाल रैली आयोजन किया गया और लोगों को तथा स्वच्छता शपथ दिलाया गया। साथ ही शहर की स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा जीरो वेस्ट मेला, फॉक डांस का आयोजन कर सुखा गीला कचरा अलग.अलग रखने, कचरा बाहर न फेंकने, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नही करने एवं जीरो वेस्ट इवेंट को बढ़ावा देने हेतु बृहत जागरूकता अभियान चलाया गया।

### बोरी में भरकर बच्चा ले जा रहा कबाड़ी की हुई जमकर पिटाई

**कोरबा** । दीपका थाना अंतर्गत रेलवे क्रॉसिंग के पास धनवंतरी मेडिकल के बगल में लोगों की भीड़ ने एक युवक को पकड़कर जमकर धुनाई कर दी और कहा कि यह बच्चा चोर है और उसे फ्रि बिजली के पोल में रस्सी से बांध दिया पुलिस को भी घटना की सूचना दी गई मौके पर पुलिस और डॉक्टर एच पी कवर एक साथ पहुंचे। बता दे कि ज्यादा मारपीट के कारण आरोपी राम कुमार प्रजापति बेहोश हो गया था जो पेशे से कबाड़ी का काम करता है और आज वह नशे में भी था जिसे पुलिस ने लोगों की भीड़ से छुड़वाया और डॉक्टरी मुलायजा करवाया। शांति नगर दीपका की रहने वाली महिला प्रीति झा ने बताया कि उसकी छोटी सी बेटी को रामकुमार प्रजापति बोरी में भरकर ले जा रहा था जिसे लोगों ने पकड़कर जमकर धुनाई कर दी, वहीं कुछ मोहल्ले वासियों ने बताया कि आरोपी दारू के नशे में है और कबाड़ी का काम करता है ।

# युवाओं के लिए सुनहरा अवसर, 58 उद्योग 11 सौ से अधिक पदों पर करेंगे भर्ती

### 4 अप्रैल को तमनार में लगेगा महा रोजगार मेला, तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदों पर होगी भर्ती

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की महत्वपूर्ण पहल पर तमनार में 4 अप्रैल को महा रोजगार मेला आयोजित होने जा रहा है। मेले में करीब 58 उद्योगों और नियोक्ताओं द्वारा लगभग 1180 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें तकनीकी और गैर तकनीकी दोनों श्रेणी के पद शामिल हैं।

यह पहला मौका होगा जब जिला मुख्यालय से बाहर विकासखंड स्तर पर इतना विशाल रोजगार मेला लगने जा रहा है। कलेक्टर सिन्हा ने अपनी पदस्थापना के साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार मुहैय्या कराने के प्रयास प्रारंभ कर दिए थे। उन्होंने रोजगार अधिकारी को इसके लिए विशेष रूप से निर्देशित करते हुए रोजगार मेले की पूरी रूपरेखा तैयार करवाई। ताकि औद्योगिक क्षेत्र के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार का मौके प्राप्त हो सके। 4 अप्रैल को तमनार के शा.हाई स्कूल मैदान में लगने वाले इस वृहद रोजगार मेले में उद्योगों द्वारा स्थानीय युवाओं को उनकी योग्यता एवं उद्योगों की मांग अनुसार रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। वृहद रोजगार मेला में तकरीबन 1180 तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदों पर भर्ती की जायेगी। कलेक्टर सिन्हा ने जिले के युवाओं को अधिक से अधिक इस मौके का लाभ उठाने की अपील की है।

## ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से किया जा सकता है रजिस्ट्रेशन

युवाओं को रोजगार मेले से जुड़ी जानकारियां उपलब्ध कराने जिला प्रशासन द्वारा 'रायगढ़ रोजगार मितान' http://www.raigarhroz-garmitan.in वेबपोर्टल बनाया गया है। जिसमें युवा विभिन्न उद्योग, कंपनियों और उनकी रिक्तियों की जानकारी देख सकते हैं एवं पोर्टल में अपना पंजीयन कराकर रोजगार मेले के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही टोल फ्री नंबर 9399983879 जारी किया गया है। जिसमें कॉल कर के मेले के संबंध में जानकारी ले सकते हैं। इसके साथ ही क्यूआर कोड भी जारी किया गया है। जिसे स्कैन कर सीधे अपना पंजीयन करवाया जा सकेगा।

**मेला स्थल पर भी करवा सकेंगे पंजीयन**

ऐसे युवा जिनके पास ऑनलाइन माध्यमों से पंजीयन करवाने की सुविधा नही है। वे सीधे मेला स्थल पर फॉर्म भरकर पंजीयन करवा सकते हैं। इसके अलावा ब्लॉक मुख्यालयों में संचालित मुख्यमंत्री यूथ सेंटर में जाकर मेले के लिए अपना पंजीयन करवा सकते हैं।

# ग्राम पंचायत सचिवों ने शासकीकरण करने की मांग को लेकर सरकार से लगाई गुहार

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।

## बेमेतरा जिले के जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत सचिव संघ की शासकीकरण मांग पूर्ण नही होने के कारण ग्राम पंचायत में कार्यरत सचिव ने 16 मार्च 2023 से तक अपने मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रहे।




लेकिन अभी तक उनके सुनवाई व मांगी पुरी नहीं होने पर इस क्रम में नवागढ़ ब्लॉक की 111 पंचायत सचिव ने अपने मांगो को ले कर मीडिया के सामने सरकार से लगाई गुहार और अपने मांगे को लेकर लगातार पंचायत सचिव ने अपने काम काज कलम को बंद कर शासकीकरण करने की मांग किया जा रहा है लेकिन उनका मांग आज तक पूर्ण नही होने पर ग्राम पंचायत सचिव ने सरकार को होश में आने का नारा लगाकर मोर्चा खोल दिया है। जिसमें ग्राम पंचायत सचिव संघ का अध्यक्ष राज नारायण कुर्रे ने बताया कि 28 वर्ष से कार्यरत है लेकिन हमारे मांग आज तक पूरी नही हुआ है जिनको लेकर हम 16 दिन से हड़ताल पर बैठे हुए है। लेकिन हमारी मांग पूर्ण नही हुआ है जिनको लेकर हम भूपेश बघेल सरकार से हमारे मांगे को जल्दी से जल्दी पूरी करने कि अपिल की है।



# बेसिक स्कूल मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह का किया गया अंतिम रिहर्सल

### कलेक्टर–एसपी ने अंतिम रिहर्सल का किया मुआयना



जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतारा।

जिला मुख्यालय बेमेतरा के ऐतिहासिक बेसिक स्कूल मैदान में राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को गरिमापूर्ण मनाने के लिए आज सुबह 9 बजे गणतंत्र दिवस की तैयारी का अंतिम रिहर्सल किया गया। इस दौरान कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने परेड की सलामी ली और अंतिम रिहर्सल का मुआयना किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने समारोह स्थल में मंच व्यवस्था, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं पत्रकारों के लिए बैठक व्यवस्था, साउण्ड, पानी, बिजली, साफ-सफ ाई, वाहन पार्किंग, प्रवेश द्वार, परेड, पेयजल, यातायात, पंडाल आदि की व्यवस्था का जायजा लिया। आज के अंतिम रिहर्सल में पुलिस अधीक्षक आई कल्याण, लिसेला, जिला पंचायत सीईओ लीना मण्डावी, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, एसडीएम सुरुचि सिंह, जिला नगर सेनानी अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर प्रवीण तिवारी, भूपेन्द्र जोशी, जिला स्तरीय अधिकारी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। रिहर्सल के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा सुन्दर और आकर्षक प्रस्तुति दी गई जिसका सभी अधिकारियों ने सराहना की और स्कूली बच्चों का उत्साह वर्धन किया। पुलिस अधीक्षक ने भी समारोह स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को तैयारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा संदेश का वाचन किया जाएगा साथ ही पुलिसकर्मी, स्वास्थ्यकर्मी एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया जायेगा।

# कोरबा जिले में फिर मिला सबसे लंबा विषधर किंग कोबरा, वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने किया रेस्क्यू

जोहार छत्तीसगढ़–कोरबा।



दुनियां का सबसे लम्बा विषधर सर्प हैं। जिसे हिंदी में नागराज के नाम से जाना जाता हैं वहीं इसका वैज्ञानिक नाम वहीं इसे स्थानीय भाषा में पहाड़ चित्ती के नाम से भी जाना जाता हैं इसकी लम्बाई 5.6 मीटर तक होती है। सांपों की यह प्रजाति दक्षिणपूर्व एशिया एवं भारत के कुछ भागों में खूब पायी जाती है। एशिया के सांपों में यह सर्वाधिक खतरनाक सापों में से एक है इसकी लंबाई 20 से 21 फिट तक हो सकती है तथा यह भारत के दक्षिण क्षेत्रों में बहुतायात में पाया जाता है। वहीं यह छत्तीसगढ़ राज्य के कोरबा में अच्छी संख्या में फ ल फ ूल रहें जो इस बात को दर्शाता हैं की छत्तीसगढ़ कोरबा जिले का जंगल जैव विविधता के लिए बहुत ही अच्छा हैं जिसको बचाने की बहुत जरूरत हैं कुछ वर्षों में कोरबा जिले के अलग अलग क्षेत्रों में किंग कोबरा की मौजूदगी दर्ज किया गया है जो की जिले के साथ प्रदेश के लिए बड़े गर्व का विषय हैं। हाल ही में वन विभाग के द्वारा किंग कोबरा का सर्वे कराया गया जिसमें पाया गया की किंग कोबरा बहुत लम्बे समय से यह हैं उनके लिए कोरबा का जंगल बहुत ही अनुकूल वातावरण प्रदान करता हैं। काफी लम्बे समय बाद फिर कोरबा में किंग कोबरा दिखाई दिया मामला हैं कोरबा से 40 किलोमीटर दूर गांव सोलवा पंचायत के छुईढोढा के समीप उस वक्त लोगों का हाथ पैर फ ूल गया जब लोग अपने घरों के समीप महुआ बिनने के साथ अपने बाड़ी में काम कर रहे थे तभी विशाल काय किंग कोबरा पहाड़ चित्ती, साप फ न फैलाए बैठ गया जिसको देख सभी अपना काम छोड़ कर भाग खड़े हुए और इसकी जानकारी पुरे गांव में फैल गई जिसको देखने के लिए लोग इकट्ठा होने लगें, इतने बड़े सर्प को देख कर लोग न मारे इसकी जानकारी गांव वालों ने वन विभाग को दिया। खबर मिलते ही वन अमला मौके स्थल पर पहुंच कर पहले तो भीड़ खाली कराया फिर वन विभाग के रेस्क्यू टीम जितेन्द्र सारथी को इसकी जानकारी दी गई जिसके फौरन बाद जितेन्द्र सारथी ने कोरबा डीएफओ अरविंद पी एम



सर को इसकी जानकारी दी फिर रेस्क्यू टीम मौके स्थल के लिए रवाना हुई और मौके स्थल पर पहुंच कर आखिरकार 11फ ीट किंग कोबरा को वन विभाग के उच्च अधिकारियों के मजूदगी में रेस्क्यू किया गया और गांव से दूर इसके प्राकृतिक आवास में छोड़ा गयाए तब जाकर सभी ने राहत भरी सास ली साथ ही विभाग ने सभी लोगों को इस सर्प को न मारने की बात कही और इसको बचाने के लिए लोगों से अपील कियाए निश्चित ही जिस तरह कोरबा जिले में किंग कोबरा मिल रहे वह वन विभाग के साथ समस्त जिले एवम प्रदेश के लिए गौरव का विषय हैं। बस इसको बचाने की जरूरत है ताकि इनकी संख्या में वृद्धि हो, इस पुरे रेस्क्यू ऑपरेशन में उप वनमण्डलाधिकारी ईश्वर कुजूर, वन परिक्षेत्र अधिकारी पसरखेत तोषीवर्मा, परिक्षेत्र सहायक केशव सिदार, परिसर रक्षक सोल्वा राम नरेश यादव, वन विभाग रेस्क्यू टीम जितेन्द्र सारथी देवा आशीष राय एवम बड़ी संख्या में गांव के लोग मौजूद रहें।

## कोरबा डीएफओ अरविंद पीएम ने लोगों से की अपील

*कोरबा का जंगल जैव विविधता से भरा हुआ हैं जिसको बचाना हम सभी का कर्तव्य हैं साथ ही वन विभाग लोगों से अपील करता हैं की वन्य जीव संरक्षण और रेस्क्यू के लिए विभाग को जानकारी दे, ताकि उनको रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ जा सके। जितेन्द्र सारथी ने बताता हम पर्यावरण संरक्षण के लिए हर पल समर्पित है। रेस्क्यू कॉल आते ही मौके स्थल पर पहुंच कर रेस्क्यू के पश्चात पुन: जंगल में छोड़ देते हैं ताकि पारिस्थितिकी तंत्र बना रहें।*

# किन कांग्रेसी पार्षदों ने किया अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**नगर पंचायत धरमजयगढ़ अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया। जिसके लिए कांग्रेस एवं भाजपा में जोर आजमाइश चल रही थी।**



क्योंकि भाजपा के पास पर्याप्त संख्या नहीं थी। वहीं कांग्रेसियों में एकजुटता नहीं थी। जिसके कारण अविश्वास प्रस्ताव पूर्ण बहुमत के साथ पारित हो गया। लेकिन कांग्रेस पार्टी में दरार पड़ गया। कांग्रेस पार्टी अब मंथन में जुट गई है। जहां मंत्री, विधायक, सरकार कांग्रेस के होते हुए भी कांग्रेसी अध्यक्ष का कुर्सी गिर जाने से साफ होता है कि पार्टी में भारी अंतर कलह जारी है। भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए यह जीत संजीवनी बूटी साबित होगा। क्योंकि धरमजयगढ़ में भाजपा को नई ऊर्जा मिल गई है। वहीं कांग्रेस को अपनों ने लूट लिया है। अब देखने वाली बात होगी कि कांग्रेस उन पार्षदों पर कोई कार्यवाही करती है या चुपचाप बैठ जाती है। नगर में अविश्वास प्रस्ताव पारित होने को लेकर अनेक तरह के अफवाहें उड़ रही है। जिसमें कांग्रेसी पार्षद द्वारा अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठने जोर आजमाइश की जा रही है। जिसके लिए धनबल लगाने को तैयार है। वहीं एक पार्षद समीकरण में स्वयं को सबसे आगे मान रही है। जिससे अविश्वास प्रस्ताव का सहमति किसने जताई होगी साफ नहीं हो रहा है। क्योंकि बिना स्वार्थ कोई पार्टी से गद्दारी नहीं कर सकता है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस मामले में विधायक ने चुप्पी साध ली है। जिन्होंने इस मामले को लेकर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है।

## केसीसी निर्माण को मिली रफ्तार, 15 दिनों में 1498 किसानों के कार्ड बने, 7.84 करोड़ ऋण भी स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश में जिले के सभी जनपद पंचायतों में किसान क्रेडिट कार्ड बनाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्राप्त 1498 प्रकरणों को स्वीकृत कर ऋण जारी किया गया। इसके तहत पशुपालन विभाग के 910 प्रकरण निराकृत हुए। इसी तरह मत्स्य पालन विभाग के 225 तथा उद्यानिकी विभाग के 264 प्रकरणों को निराकृत किया गया। निराकृत सभी प्रकरणों में छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मर्यादित द्वारा कुल 7 करोड़ 84 लाख 66 हजार रुपये की ऋण स्वीकृति भी जारी कर दी गयी है। गौरतलब है कि कलेक्टर सिन्हा ने जिले में केसीसी निर्माण की समीक्षा की थी। कम संख्या में केसीसी प्रकरणों की स्वीकृति और निर्माण की धीमी गति को लेकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई थी और शिविर लगाकर किसानों के केसीसी बनाने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए थे। उनके निर्देशानुसार के अनुरूप केसीसी बनाने शिविर आयोजित किए गए। यह शिविर 13 मार्च से 31 मार्च तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को संबंधित ब्लॉक के जनपद पंचायत कार्यालय में प्रात:11 बजे से किया गया। शिविर के जरिये किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के लिए लगातार आवेदन लिए गए। ज्ञात हो कि किसानों को कृषि कार्यों के लिए ऋण की आवश्यकता होती है। इसे देखते हुए राज्य शासन की ओर से किसान क्रेडिट कार्ड धारकों को सहकारी बैंक से सस्ता ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। किसान क्रेडिट कार्ड योजना से किसान कम ब्याज दरों में कृषि व संबंधित कार्यों के लिए बैंकों से ऋण ले सकते हैं। जिससे उन्हें अपने खेती-किसानी के कामों के लिए कार्यशील पूंजी मिल जाती है। केसीसी से किसानों को कृषि कार्यों के लिए ब्याजमुक्त अल्पकालीन ऋण मिलता है। पशुपालन, मछली पालन और उद्यानिकी कार्यों के लिए भी अल्पकालीन ऋण दिया है। पशुपालन हेतु 2.00 लाख तक का ऋण 1 प्रतिशत ब्याज दर पर एवं रूपये 2 लाख से अधिक एवं रूपये 3 लाख तक के ऋण 3 प्रतिशत ब्याज दर पर दिया जाता है। मत्स्य पालन व उद्यानिकी कार्यों हेतु 3 लाख तक दिये जाने वाला ऋण, अल्पकालीन कृषि ऋण के समान ब्याज मुक्त (0 प्रतिशत ब्याज दर) होता है।

## कलेक्टर ने ग्राम दानसरा के आंगनबाड़ी और प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।



कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने आज सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम दानसरा के आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों का हालचाल जाना। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी सहायिका से रजिस्टर रिकार्ड चेक की और बच्चों की उपस्थितिए रखरखाव आदि के बारे में पूछताछ की। कलेक्टर ने शासकीय प्राथमिक कन्या शाला दानसरा के प्रधानपाठक से बच्चों की पढ़ाई और मध्यान्ह भोजन के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर के प्रश्नों.स्कूल आना कैसा लगताए रोज स्कूल आते होए कौन.कौन किस.किस क्लास में हो आदि का स्कूली बच्चों ने खुशी.खुशी जवाब दिया। इस अवसर पर एसडीएम सारंगढ़ श्रीमती मोनिका वर्मा उपस्थित थी।

### एक नजर

## कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने जिला अस्पताल सारंगढ़ में ओपीडी का शुभारंभ किया

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने आज जिला अस्पताल सारंगढ़ में ओपीडी का शुभारंभ किया। कलेक्टर ने वहां उपस्थित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों से मुलाकात की। कलेक्टर ने ओपीडी कक्ष का अवलोकन किया और सीएमएचओ डॉ. एफ आर निराला से वहां उपस्थित डॉक्टरों, नर्स और अन्य स्टाफकी जानकारी ली। कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने वहां इलाज के लिए आए बच्चे को चॉकलेट दी और उनकी मां से बच्चे के बारे में पूछी। इस अवसर पर एसडीएम सारंगढ़ मोनिका वर्मा उपस्थित थी। सारंगढ़ जिला अस्पताल में ओपीडी का नया कक्ष निर्मित होने से स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार हुआ है।



## सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में छ.ग. सामाजिक आर्थिक सर्वे के लिए समन्वयक एवं सहायक नियुक्त

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के लिए अधिकारी नियुक्त किए हैं। संयुक्त कलेक्टर भागवत जायसवाल को समन्वयक की जिम्मेदारी दी गई हैए उनका मोण्नंण् 99819-95555 है। इसी प्रकार नायब तहसीलदार एवं प्रभारी अधीक्षक भू.-अभिलेख कोमल साहू मो.नं. 88171-31042 और जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी एससी सिंह मो.नं. 98265-00179 को सहायक की जिम्मेदारी दी गई है।

## कलेक्टर ने छ.ग. सामाजिक आर्थिक सर्वे 2023 के कार्यों का अवलोकन किया

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने आज से शुभारंभ हुए छत्तीसगढ़ राज्य सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के कार्यों का सारंगढ़ और बरमकेला विकासखंड के ग्रामों में अवलोकन किया। कलेक्टर ने बरमकेला विकासखंड के ग्राम पंचायत बुदेली और खिचरी में चल रहे सर्वे कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने परिवार की मुखिया बुजुर्ग माता को सर्वे कार्य में आए कर्मचारियों को सर्वे की जानकारी देने के लिए उत्साहित किया। कलेक्टर ने सर्वे टीम में जुड़े कर्मचारियों को सर्वे एप्प के संचालन और आफलाइन जानकारी भरने के कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर ने सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम अमेठी और दानसरा में सर्वे टीम के कार्यों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने ग्राम अमेठी की महिलाओं से सर्वे देने के संबंध में की जानकारी ली। महिलाओं ने बताया कि हमने अपने घरए आवासए राशन आदि की जानकारी सर्वे टीम को दी है। कलेक्टर ने ग्राम दानसरा में सर्वे टीम में शामिल शिक्षकए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताए पटवारी सरपंचएपंच आदि से सर्वे से जुड़े कार्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर एसडीएम सारंगढ़ श्रीमती मोनिका वर्माए सीईओ जनपद बरमकेला श्री नीलाराम पटेलए सीईओ जनपद सारंगढ़ श्री अभिषेक बनर्जी उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 शुरू जिले के सभी विकास खंड में सर्वे टीम जाकर कार्य कर रही

कलेक्टर ने टीम को गंभीरता से कार्य करने के लिए कहा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरानगर।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 के पहले दिन 1 अप्रैल से छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ हो गया है। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के दिशानिर्देश में जिले के सभी विकास खंड के गांव-गांव जाकर सर्वेक्षण टीम जाकर सर्वे कार्य कर रही है।



इसके साथ ही पूरे जिले में सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर ने प्रगणक दलों को पूरी गंभीरता से त्रुटि रहित सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए हैं। निर्देश दिए। उन्होंने सर्वेक्षण के लिए वार्ड पंचों की जिम्मेदारी, मकानों का नंबरिंग, सर्वे की प्रक्रिया, मोबाइल एप, पोर्टल में ऑनलाइन एंट्री एवं मैनुअल एंट्री के बारे में आवश्यक निर्देश दिए। सर्वेक्षण टीम ने जशपुर विकासखंड के गम्हरिया, घोलेंगे बगीचा विकासखंड के बूढाडांड मनोरा विकासखंड के करादरी फरसाबहार विकासखंड के सहसपुर कांसाबेल विकासखंड के नरियरडांड एवं अन्य जगहों में सर्वे कार्य गंभीरता से किया जा रहा है। सभी विकासखंड के एसडीएम टीम को निरंतर मार्गदर्शन भी दे रहे हैं।



## स्व. बिसाहू दास महन्त सन्त कबीर के सच्चे अनुयायी थे

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

स्व. बिसाहू दास महन्त के एक अप्रैल जन्म शताब्दी के अवसर पर शहर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गए थे। स्थानीय न्यायालय परिसर में चिकित्सा परीक्षण शिविर लगाया गया था वही अधिवक्ता गिरधर जायसवाल एवं मनोज जायसवाल के द्वारा जनम शताब्दी के अवसर पर केक काटकर बिसाहू दास अमर रहे का नारा लगाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया इस अवसर में विशेष रूप से उपस्थित नगर पालिका परिषद सकती के पूर्व अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि स्व बिसाहू दास महन्त ऐसे महान व्यक्ति थे कि राजनेता होते हुए भी किसी से शत्रुता नहीं नहीं बिरोधी भी उनका सम्मान करते थे विधायक प्रतिनिधि अधिवक्ता गिरधर जायसवाल ने कहा कि स्व बिसाहू दास महन्त अपने जीवन मे सन्त कबीर के बताए रास्ते में चलकर लोगों की मदद किया करते थे। पिंट्र ठाकुर ने कहा कि जन जन के नेता डॉ. चरण दास महन्त अपने पिता स्व बिसाहू दास महन्त के बताए रास्तों पर चलकर लोगो की सेवा कर रहे हैं इस अवसर पर अधिवक्ता मनोज जायसवाल पीयूष रॉय अरविंद भरद्वाज राजू राठौर सुधीर सिंह धर्मेंद्र सोन नरेन्द्र पटेल रामु जायसवाल मोहन देवांगन सचिव पटेल रथ राम पटेल संतोष साहू महेश अग्रवाल जगेश्वर सिंह राज प्यारेलाल पटेल अध्यक्ष कॉग्रेस सेवादल सहित न्यायालय कर्मचारियों की उपस्थिति रही।



## जिले में परिवारों का सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण शुरू

जिले के सभी विकासखंड में सर्वे टीम जाकर कर रही कार्य

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

राज्य शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत सक्ती जिले में से सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य शुरू हो गया है। प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर परिवारों की विस्तृत जानकारी जैसे परिवार का मुखिया, आधार नंबर, मोबाइल नंबर, राशन कार्ड में परिवार की सूची एवं उनके आवास की स्थिति, शैक्षणिक योग्यता, रोजगार की जानकारी, प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति, घर कच्चे या पक्के मकान, धान का विक्रय, किसान पंजीयन, नरेगा जॉब कार्ड, परिवार की भूमि की जानकारी, परिवार की वार्षिक आय, सिंचाई के साधन, वाहन एवं अन्य सामग्री, परिवार के सदस्यों को कौशल प्रशिक्षण, उज्जवला गैस कनेक्शन, कृषि कार्य, स्वरोजगार, शासकीय नौकरी, निजी नौकरी, मजदूरी, बेरोजगारी इत्यादि की जानकारी संकलित किया जा रहा है। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने प्रगणक दलों को पूरी गंभीरता से त्रुटि रहित सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सर्वेक्षण के लिए मकानों का नंबरिंग,सर्वे की प्रक्रिया, मोबाइल एप, पोर्टल में ऑनलाइन एंट्री एवं मैनुअल एंट्री के बारे में आवश्यक निर्देश दिए। सर्वेक्षण टीम के द्वारा जिले के सभी विकास खंड के गांवो में सर्वे कार्य गंभीरता से किया जा रहा है। जिले में 84 सुपरवाईजर एवम् 536 प्रगणक दलों की टीम गठित की गई है।



## तेज बारिश और ओलावृष्टि से हुई, किसानों के फसलों की भारी नुकसान

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।

सरगुजा के सीतापुर,बतौली और मैनपाट सहित कई इलाकों में तेज गरज चमक के साथ बेमौसम बारिश होने का सिलसिला जारी है। आपको बता दे कि आज भी सरगुजा में जोरदार बेमौसम बारिश हुई और बीते दिनों तेज बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से हुई किसानों के गेहूं,सब्जी सहित अन्य फसलों को हुई भारी नुकसान का जायजा लेने सरगुजा कलेक्टर और जिला दंडाधिकारी कुंदन कुमार मैनपाट के अलग-अलग इलाकों में पहुंचकर भारी ओलावृष्टि से हुई किसानों को नुकसान का आंकलन करने और इससे प्रभावित किसानों से मिलने मैनपाट पहुंचे। वहीं इस दौरान मीडिया से खास बातचीत में सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार ने बताया कि सरगुजा के कई इलाकों में बीते कई दिनों से हो रहीं बेमौसम बारिश और क्षेत्र में हुए भारी ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों से मिलकर उनको हुए इससे हुए नुकसान का आंकलन किया गया है और सरगुजा जिला प्रशासन द्वारा इससे प्रभावित किसानों को उनकी फसलों का हुए नुकसान का क्षतिपूर्ति भरपाई के लिए मुआवजा प्रकरण तैयार किया जा रहा है जिससे उनको हुए नुकसान का भरपाई करते हुए उन्हें प्रशासन द्वारा हर संभव मदद दी जाएगी।





स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in